नई दिल्ली
सोमवार, 21 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 97
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 33
न्यून. 27


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


यूसुफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने के करीब

## शुभमन गिल सिर्फ 25 रन दूर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच में दमदार प्रदर्शन किया है। हालांकि तीसरे टेस्ट में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके और दोनों पारियों में सस्ते में पवेलियन लौटे। शुभमन गिल के पास चौथे टेस्ट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका है। मैनचेस्टर में होने वाले मुकाबले में गिल इंग्लैंड में द्विपक्षीय शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


एयर इंडिया दुर्घटना के बाद टाटा समूह का अहम कदम

# टाटा संस ने पीड़ितों के लिए बनाया 500 करोड़ का ट्रस्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टाटा संस ने शुक्रवार को मुंबई में 500 करोड़ रुपए के एक पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन औपचारिक रूप से पूरा कर लिया।

यह ट्रस्ट 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 की दुखद घटना के पीड़ितों को समर्पित है, जिसमें 260 लोग मारे गए थे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा। जो मृतकों के आश्रितों/निकटतम रिश्तेदारों, घायलों और



दुर्घटना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों को तत्काल और निरंतर सहायता प्रदान करेगा। शेष पेज 5 पर

## ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा

तत्काल और निरंतर सहायता मिलेगी



*टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स 250-250 करोड़ देंगे*

टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स ने ट्रस्ट के परोपकारी कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपए (दोनों ने 250-250 करोड़ रुपए) देने का संकल्प लिया है। इसमें मृतकों के लिए 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि, गंभीर रूप से घायलों का इलाज और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त भवनों की पुनर्निर्माण सहायता शामिल है।

### ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी

ट्रस्ट का प्रबंधन और प्रशासन 5 सदस्यीय न्यासी बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बोर्ड में नियुक्त शुरुआती दो ट्रस्टी टाटा समूह के पूर्व दिग्गज एस. पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा हैं। टाटा संस ने कहा कि अतिरिक्त ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। कर अधिकारियों के साथ आवश्यक रजिस्ट्रेशन और वर्तमान में चल रही अन्य परिचालन औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ट्रस्ट को फंड किया जाएगा। और यह पूरी गंभीरता से अपना काम शुरू कर देगा।

## खबर संक्षेप

### 'डॉन' के निर्देशक चंद्र बरोट का निधन



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन द्वारा अभिनीत एवं 1978 में रिलीज हुई 'डॉन' फिल्म के निर्देशक चंद्र बरोट का रविवार को मुंबई के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। बरोट के परिवार ने यह जानकारी दी। चंद्र बरोट 86 वर्ष के थे। बरोट के परिवार के अनुसार, वह पिछले 11 वर्षों से फेफड़े से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे।

### कंगना बोलीं- मंडी में आया भारी भूकंप



**मंडी।** अभिनेत्री एवं मंडी की सांसद कंगना रनौत एक बार फिर अपने बयान से चर्चाओं में हैं। एक एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कंगना ने मंडी संसदीय क्षेत्र में आई आपदा को भारी-भरकम भूकंप बता दिया। इससे एक बार फिर वह सोशल मीडिया यूजर्स और कांग्रेस के निशाने पर हैं। इंटरव्यू में कंगना ने संसद के सत्र को लेकर उत्साहित होने की बात कही।

### नीट पीजी परीक्षा का एडमिट कार्ड 31 को



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी 2025 परीक्षा के लिए स्लिप 21 जुलाई 2025 से सभी आवेदकों के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर उपलब्ध हो जाएगी, जबकि एडमिट कार्ड 31 जुलाई को जारी किया जाएगा। उम्मीदवार एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर जाकर नोटिस देख सकते हैं।

### घोड़े से गिरकर घायल हुईं पूर्व राज्य मंत्री लेखी



**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी तिब्बत के दारचिन में घोड़े से गिरकर घायल हो गईं। उनकी कमर में गंभीर चोट आई है। उन्हें रेस्क्यू कर वापस भारत लाया जाएगा। धारचूला के नाभिढांग से उन्हें हेलीकॉप्टर से देहरादून पहुंचाने की योजना है इसकी तैयारी पिथौरागढ़ प्रशासन ने पूरी कर ली है।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, सरकार और विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए

# सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के लिए तैयार, हम हर सवाल का जवाब देंगे: रिजिजू

## संसद का मानसून सत्र आज से

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार संसद में हर सवाल का जवाब देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार हैं। रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद रिजिजू ने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार-विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। ज्ञात हो कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। रिजिजू ने कहा कि हम मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर सांसदों के हस्ताक्षरों की संख्या पहले ही 100 को पार कर चुकी है। वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव आएगा। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के नेताओं की एक बैठक हुई। इसमें 51 दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। 40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी। यह बहुत रचनात्मक थी। सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी पार्टियों की स्थिति और उन मुद्दों को बताया जो वे इस सत्र में लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी की बातों पर ध्यान दिया है। हमने अनुरोध किया है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए। हम अलग-अलग विचारधाराओं वाले राजनीतिक दल हो सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि संसद सुचारू रूप से चले। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों के मुद्दे पर सरकार संसद में उचित जवाब देगी। कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर पार्टियों ने कहा है कि इन पर संसद में चर्चा शेष पेज 5 पर

### ऑपरेशन सिंदूर, ट्रम्प के दावों और एसआईआर मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्षी दल

51 दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया, 40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से रखी राय



### न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आएगा महाभियोग प्रस्ताव

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा मामले में सभी पक्ष मिलकर प्रक्रिया अपनाएंगे। यह अकेले सरकार का कदम नहीं है। मामले को लेकर हस्ताक्षर की प्रक्रिया चल रही है और यह पहले ही 100 को पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न दलों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें बहुत अच्छी और प्रभावी रहीं और उन सभी अच्छे अनुभवों को राष्ट्र के सामने साझा किया जाना चाहिए। हमें इसका स्वागत करना चाहिए।

### सरकार को घेरने की कोशिश करेगा विपक्ष

संसद का आगामी मानसून सत्र हंगामेदार होने की प्रबल संभावना है, क्योंकि विपक्ष ने केंद्र सरकार को कई विवादास्पद मुद्दों पर घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह एक सार्थक और बहस-आधारित सत्र के लिए पूरी तरह तैयार है। मानसून सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में, विपक्षी नेताओं ने उन प्रमुख मुद्दों को रेखांकित किया जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं। इनमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताएं, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकवादी हमला, और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का विवादास्पद दावा शामिल है। विपक्ष की रणनीति इन मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही मांगने और जनता का ध्यान आकर्षित करने पर केंद्रित होगी, जिससे सत्र के दौरान तीखी बहस और गतिरोध देखने को मिल सकता है। सरकार ने अपनी ओर से इन चुनौतियों का सामना करने और सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए तत्परता दिखाई है।

# पक्ष और विपक्ष : 'मूसलाधार' सियासी संग्राम को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आज,सोमवार से शुरू हो रहे संसद का समूचा मानसून सत्र 'धुल' जाए, पक्ष और विपक्ष के बीच मचने वाली आपसी रार में कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य लटक न जाए, इसकी चिंता में तय परिपाटी के तहत संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने जब विपक्षी दलों से सदन चलाने के लिए सहयोग की अपील की तो विपक्षी तेवर देखने लायक थे।

21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, मॉनसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने सरकार को घेरने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है। रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता गौरव गोगोई ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से निम्नलिखित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की मांग रखी। **पहलगाम आतंकी हमला और ऑपंदूरः** जयराम रमेश ने मांग की कि इन मुद्दों पर कम से कम दो दिन की चर्चा हो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं जवाब दें।

**चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और 'वोटबंदी':** बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को विपक्ष ने शेष पेज 5 पर

### सरकार चर्चा को तैयार

सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम हमले और ट्रंप के बयानों जैसे सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री संसद में मौजूद रहते हैं और नियमों के तहत सभी सवालों के जवाब दिए जाएंगे। सरकार 17 विधेयकों को सत्र में पेश करने की योजना बना रही है, जिनमें कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 और मणिपुर जीएसटी (संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल हैं।

### अन्य मुद्दे और हंगामे की आशंका

विपक्ष ने अहमदाबाद विमान हादसे, अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, और परिसीमन जैसे मुद्दों को भी उठाने का फैसला किया है। इसके अलावा, जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर भी चर्चा की संभावना है।कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इन सभी सवालों का जवाब देंगे। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराना हमारा कर्तव्य है।

केरल हाईकोर्ट की नई गाइडलाइन

# एआई से फैसला नहीं ले सकेंगे जज! नियम तोड़ा तो कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत किसी भी हालत में एआई टूल्स का इस्तेमाल न्यायिक फैसले या कानूनी विश्लेषण के लिए नहीं होगा। एआई टूल्स का इस्तेमाल केवल सहायक उपकरण के तौर पर ही किया जा सकता है, न



कि किसी फैसले या कानूनी राय के लिए। कोर्ट के मुताबिक यह देश की पहली ऐसी नीति है जो न्यायिक प्रक्रिया में एआई के दायरे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती है। इसमें कहा गया है कि एआई का अंधाधुंध उपयोग शेष पेज 5 पर

जनकल्याणकारी योजनाएं साझा की

# सीएम नायब ने देहरादून में उत्तराखंड के सीएम धामी से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से देहरादून में उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का देहरादून पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान सैनी ने हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी



योजनाएं सांझा की और बताया कि पिछले 11 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से लोगों के जीवन स्तर में काफी परिवर्तन आया है। सरकार की इन्ही नीतियों की बदौलत तीसरी बार नॉन-स्टॉप सरकार बनी है।

राज्य महिला आयोग के आग्रह पर कर्नाटक सरकार ने बनाई एसआईटी

# दावा-अगवा कर महिलाओं-छात्रों को धर्मस्थलों के पास दफना दिया जाता है

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

धर्मस्थल सामूहिक कब्र मामले को लेकर कर्नाटक में बवाल मचा हुआ है। कर्नाटक सरकार ने पिछले दो दशकों में धर्मस्थल में कथित सामूहिक कब्रों, गुमशुदगी और महिलाओं एवं छात्रों के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि धर्मस्थल पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता



(बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज अपराध और इसके संबंध में कर्नाटक राज्य के अन्य पुलिस स्टेशनों में दर्ज होने वाले सभी अन्य आपराधिक मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन शेष पेज 5 पर

अहमदाबाद में सामूहिक आत्महत्या



### घर में मिले दंपती व तीन बच्चों के शव

*अहमदाबाद। जिले के बगोदरा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार देर रात एक दंपती और उनके तीन बच्चों के शव उनके घर में मिले। पुलिस* शेष पेज 5 पर

लोकल ट्रेन में सीट का झगड़ा भाषा विवाद में बदला

# मुंबई में रहना है तो मराठी बोलो वरना बाहर निकलो

मुंबई लोकल में महिला यात्रियों के बीच तीखी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई लोकल में सीट को लेकर झगड़ा हिंदी-मराठी भाषा विवाद में बदल गया। महिलाओं के डिब्बे में सीट को लेकर कहा-सुनी हुई।

फिर कुछ मराठी बोलने वाली महिलाओं ने एक महिला यात्री को हिंदी में बोलने से मना किया और मराठी में बोलने को कहा। वीडियो में एक महिला हिंदी में बात करने पर आपत्ति जता रही है। वह कह रही है कि मराठी में बात करो। मराठी भाषी महिलाओं के एक ग्रुप ने एक साथी



यात्री से हिंदी में बात करना बंद करने और मराठी में बात करने की मांग की। यात्री महिला से कहा कि अगर आपको हमारी मुंबई में रहना है, तो मराठी बोलें। वरना बाहर निकल जाएं।

### विक्रोली में भी सामने आया मामला

एक अन्य अलग घटना में विक्रोली के एक राजस्थानी दुकानदार पर स्थानीय महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) कार्यकर्ताओं ने तब हमला किया जब उसने कथित तौर पर 'मराठी मानुष (मराठी भाषी लोगों) का अपमान करने वाला' वॉट्सएप स्टेटस पोस्ट किया था।

डीडीजी पदों के खाली रहने से अगले स्तर की पदोन्नति भी रुकी

तकनीकी खामियों और उड़ान रद्द होने की घटनाएं भी बढ़ी हैं

# ऐसे में कैसे होगी हवाई यात्रियों की सुरक्षाः डीजीसीए में तकनीकी पदों की लगभग आधी सीटें हैं खाली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) में तकनीकी पदों की भारी कमी ने भारतीय विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और दक्षता को लेकर चिंता बढ़ा दी है।डीजीसीए में कुल 1674 स्वीकृत पदों में से 503 ग्रुप-ए तकनीकी पद खाली हैं, जो कुल पदों का लगभग 30 फीसदी है। यह कमी ऐसे समय में सामने आई है, जब जून 2025 में हुए एयर इंडिया फ्लाइट 171 हादसे, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई थी, के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जांच तेज हो गई है।

एक पूर्व नौकरशाह ने बताया, डीजीसीए के तकनीकी अधिकारी सुरक्षा निगरानी, अनुमोदन और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन पदों की कमी न केवल सुरक्षा को प्रभावित करती है, बल्कि नियामक की दक्षता को भी कम करती है। उन्होंने इसे दिल्ली पुलिस से डीसीपी पदों को हटाने के समान बताया, जिससे संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर पड़ता है। डीजीसीए की एक आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार, डीजीसीए में उप-महानिदेशक (डीडीजी) के 6 पद वायुयोग्यता निदेशालय में, 6 ऑपरेशंस में, 2 हवाई सुरक्षा में और 4 अन्य निदेशालयों में खाली हैं। इसके अलावा, संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी) का एक पद भी रिक्त है। एक पूर्व डीजीसीए अधिकारी ने बताया कि डीडीजी पदों के खाली रहने से अगले स्तर की पदोन्नति भी रुकी हुई है, क्योंकि जेडीजी पद के लिए कम से कम तीन साल का डीडीजी अनुभव अनिवार्य है। संसद की परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा पर बैठक की, जिसमें इन रिक्तियों पर गत 9 जुलाई को चर्चा हुई। समिति ने डीजीसीए की स्टाफिंग समस्याओं और इसके सुरक्षा ऑडिट पर प्रभाव को लेकर चिंता जताई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने माना कि, डीजीसीए में विशेषज्ञों की कमी है, जिसका असर देश के विमानन नियामक की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है।

विदित हो कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय विमानन क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ ही तकनीकी खामियों और उड़ान रद्द होने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, मोदी सरकार द्वारा उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता न देना चिंताजनक है। डीजीसीए, बीसीएएस और एएआई में अधिकारियों की भारी कमी है। यह स्थिति विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और नियामक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाती है।

## क्षेत्रीय पर्व-उत्सवों में स्थानीय कलाकारों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी

# विभिन्न राज्यों की कला व संस्कृति का दिल्ली में होगा प्रचार-प्रसार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में विभिन्न राज्यों की कला एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसी के साथ क्षेत्रीय पर्व-उत्सवों में स्थानीय कलाकारों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी और बच्चों को दूसरे राज्यों की भाषा सिखाने के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कला, संस्कृति व भाषा विभाग के साथ एक विशेष बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति को प्रभावी रूप से विस्तार दिया जाना आवश्यक है। इसमें सरकार का कला, संस्कृति व भाषा विभाग अपने कार्यक्रमों व आयोजनों का विस्तार कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार विभाग अपनी गतिविधियों को विशेष स्थलों से निकालकर आम लोगों तक ले जाया जाएगा ताकि उनमें जन-भागीदारी बढ़े। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि दिल्ली में मनाए जाने वाले क्षेत्रीय पर्व-त्योहारों में इनसे जुड़े कलाकारों को बुलाया जाएगा, ताकि लोगों की ऐसे आयोजनों में दिलचस्पी बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के बच्चों को गैर हिंदी भाषा पढ़ाने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं, ताकि वे दूसरे प्रदेशों की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को भी समझ सकें। इस बैठक में कला, संस्कृति व भाषा मंत्री कपिल मिश्रा सहित विभिन्न निकायों के सचिव-उप सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सीएम ने कहा कि बैठक का उद्देश्य दिल्ली को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाना और समाज के सभी वर्गों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना था। मुख्यमंत्री ने माना कि यह विभाग वर्षों से देश व दिल्ली की कला संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है लेकिन अब इसके उद्देश्य का और विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग के आयोजनों में महिला कला प्रदर्शनी, दिल्ली नृत्य एवं संगीत महोत्सव, भक्ति संगीत उत्सव, हास्य रंग उत्सव, पेंटिंग्स प्रतियोगिता, छठ पूजा, दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी, रामनवमी आदि पर कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों व आयोजनों को स्थान विशेष से निकालन दिल्ली के विभिन्न इलाकों में आयोजित किया जाएगा, ताकि इनसे ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें।

मुख्यमंत्री कहना था कि राजधानी दिल्ली में विभिन्न राज्यों के लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं, इसलिए उनकी संस्कृति व सामाजिक पहचान को भी विस्तार पा रहे हैं। इसका एक लाभ यह हुआ है कि दिल्ली में अब छठ-पूजा, दुर्गा पूजा, गणेशोत्सव, लोहड़ी व अन्य प्रादेशिक पर्व भी श्रद्धा व उमंग से मनाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि वे इन पर्व-उत्सवों के लिए आंचलिक कलाकारों को दिल्ली में लाएं और उनके नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करें।



### दूसरे राज्यों के छात्रों के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा हम चाहते हैं कि दिल्ली के बच्चे दूसरे राज्यों की भाषा भी सीखें, ताकि वे संबंधित राज्यों की सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समझ सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इसके लिए रिपोर्ट तैयार करें, ताकि देश की विभिन्न भाषाओं का दिल्ली में प्रचार-प्रसार हो सके। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि दूसरे राज्यों के छात्रों के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया जाए। इससे न केवल छात्रों को अन्य प्रदेशों की संस्कृति और रहन-सहन जानने का मौका मिलेगा, बल्कि आपसी समझ और सौहार्द भी बढ़ेगा। वहीं सीएम ने कहा कि विभाग लगातार पेंटिंग्स प्रतियोगिताएं भी आयोजित करता है और इन आयोजनों से प्राप्त हुई कई पेंटिंग्स विभाग के पास मौजूद हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन पेंटिंग्स को दिल्ली सरकार के सचिवालय व विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लगाने की व्यवस्था करें।

### लगभग 75 स्मारकों का रखरखाव भी कर रहा है विभाग

मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विभाग राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों के अलावा, कम ज्ञात स्मारकों का रखरखाव भी कर रहा है, जिनकी संख्या लगभग 75 है। इनमें मालचा महल, भूली भटियारी का महल, ग़ालिब हवेली, द्वारका बावली, कुली खां मकबरा, बड़ा लाओ का गुंबद, बारादरी, दारा शिकोह लाइब्रेरी आदि शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों को इन स्मारकों की जानकारी व पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष उपाय किए जाएं और स्मारकों के आसपास ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए ताकि वहां लोग ज्यादा देर तक इनको देख और समझ सकें।

## पांच लाख कांवड़ियों को गंगा जल की डोलची व जूट का बैग देगी दिल्ली सरकार : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पर्यावरण संरक्षण को और मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार करीब पांच लाख कांवड़ियों को गंगा जल से भरी डोलची व जूट बैग वितरित करेगी। इस बात की घोषणा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने रविवार को कांवड़ शिविरों का जायजा लेने के दौरान की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार शाम पंजाबी बाग के अशोक पार्क, टैगोर गार्डन व सुब्रतो पार्क स्थित कांवड़ शिविरों में भागीदारी की और शिवभक्त कांवड़ियों की सुविधाओं को जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि दिल्ली में पहली बार कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया जा रहा है और सरकार की ओर से उनकी सुविधाओं का का पूरा ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कि कांवड़ सेवा समितियों की सहायता राशि भी बढ़ाने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा एक पर्व है, इसलिए दिल्ली आने वाले और दिल्ली से गुजरने वाले कांवड़ियों का अभिनन्दन करना उनकी आस्था का सम्मान है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांवड़ शिविर समिति के पदाधिकारियों के साथ कांवड़ियों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने वहां स्थित मंदिरों में पूजा-अर्चना भी की और पुजारियों से आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुझाव मिला है कि कावड़ समितियों के लिए सहायता राशि बढ़ाई जाए, जिसे हम बढ़ाने वाले हैं।

### कांवड़ियों के स्वागत के लिए सरकार की तैयारी पूरी

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि सावन माह में इस बार पूरी दिल्ली में जिस तरह का उत्सव जैसा माहौल है, वह पूर्व में कभी भी देखने को नहीं मिला। इन कांवड़ शिविरों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली सरकार के मंत्रियों, विधायकों व अधिकारियों की टीम ने पहले से ही पूरी तैयारी कर ली थी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस बार कांवड़ियों का स्वागत करने के लिए दिल्ली सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। हमने 374 कावड़ समितियों को अनुदान देने का काम किया है और हर कैंप में बिजली, स्वास्थ्य सेवाएँ, शौचालय, सफाई कर्मचारी आदि की व्यवस्था की है। दिल्ली के सभी बॉर्डर पर स्वागत द्वार लगाए गए हैं और कांवड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### पूरी दिल्ली में लगाए गए 374 कांवड़ शिविर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारे सभी मंत्री व विधायक शिविरों में जाकर समितियों से बातचीत कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहली बार पूरी दिल्ली में रेकॉर्ड 374 कांवड़ शिविर लगाए गए हैं, जहां शिवभक्तों की आस्था और उनकी जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की लगन व मेहनत का पता इस बात से ही चल जाता है कि पिछली सरकार में मात्र 170 कांवड़ शिविर ही लगाए गए थे और उनमें भारी अनियमितताओं के आरोप लगे थे। लेकिन इस बार लोगों ने आगे बढ़कर भागीदारी की और सरकार ने उनकी पूरी सहायता की।

# गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों में रेखा सरकार के खिलाफ रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ साफ पेयजल के लिए लगाई गुहार

न्यायालय की फटकार और साफ पेयजल आपूर्ति करने की नसीहत के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड द्वारा गंदे पानी की आपूर्ति में सुधार शायद ही हुआ हो। यही कारण है कि आज भी दिल्ली की कई कॉलोनियों में दूषित व गंदा पानी आपूर्ति होने की शिकायतें मिल रही है। यमुना पार के आनंद विहार जागृति एन्क्लेव श्रेष्ठ विहार, योजना विहार, बुराड़ी के प्रधान एंक्लेव, जहांगीरपुरी, स्वरूप नगर, सिरसपुर, अलीपुर, मंगोलपुरी, देवी खानपुर आदि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की शिकायत है कि गंदे पानी की आपूर्ति से परेशान हो चुके है। प्रधान एंक्लेव बुराड़ी ब्लॉक ए, बी, सी आदि इलाकों में आए दिन गंदे पानी की आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान है। स्थानीय निवासी हरीश का कहना है कि कभी सुबह तो कभी शाम के समय अक्सर मटमैला व मिट्टी मिला पानी आपूर्ति होता है। जिसे पीना तो दूर नहाने के लिए भी इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हाल गत कई सालों से है। आप पार्टी की सरकार बदली लेकिन पेयजल आपूर्ति आज भी गंदी ही हो रही है। योजना विहार निवासी एस के शर्मा का कहना है कि बेशक कोर्ट ने डीजेबी को फटकार लगाई है, लेकिन अभी समस्या पूरी तरह हल नहीं हुई है। जागृति एन्क्लेव के लोगों का कहना है कि डीजेबी की कार्यशैली कब सुधरेगी कहना मुश्किल है। क्योंकि न्यायालय तक ने फटकार लगाई लेकिन कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि भाजपा सरकार को बने हुए करीब छह महीने होने को है, लेकिन डीजेबी में सुधार नजर नहीं आया। जहांगीरपुरी निवासी अफरोज का आरोप है कि बेहद कम समय के लिए डीजेबी आपूर्ति करता है। लेकिन वो पानी कई बार इतना गंदा व बदबूदार होता है कि आदमी तो क्या जानवर तक मुंह नहीं लगाते। उन्होंने कहा कि हमारी सीएम रेखा गुप्ता से अपील है कि डीजेबी की कार्यशैली को सुधारने में थोड़ी सख्ती बरतें वरना लोगों को सरकार बदलने का कोई फायदा नहीं होगा। इस बारे में डीजेबी के एक अधिकारी ने कहा कि वैसे तो लगातार सेंबल उठाए जा रहे है, जहां कमी है उसे ठीक किया जा रहा है। फिर भी हो सकता है कहीं लोकल फाल्ट यानी लाइन आदि में टूट फूट अथवा लोगों की घरेलू पाइप लाइन में लीकेज की वजह से ऐसी शिकायत हो सकती है।

## डूटा चुनाव के लिए डीयू में तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के चुनाव हर दो साल में होते हैं। डूटा का कार्यकाल अगस्त माह में समाप्त हो रहा है। वर्ष 2025 -27 के लिए होने वाले चुनाव 4 सितंबर को होने निश्चित हुए हैं। नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) के मीडिया संयोजक डॉ. हंसराज सुमन ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव तिथि की घोषणा के बाद सभी राजनीतिक दलों से प्रतिबद्ध शिक्षक संगठनों ने अपने -अपने उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

वहीं, एनडीटीएफ के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार भागी ने बताया है कि एनडीटीएफ शिक्षकों के बीच अपनी चार साल की उपलब्धियों को लेकर शिक्षकों के बीच जाएगा और उसी आधार पर वोट देने की अपील करेंगे।

# गोदाम से 1500 से अधिक यूरिया के बैग जब्त गोदाम मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी जिला के नरेला इलाके में अवैध रूप से संग्रहित यूरिया की बड़ी खेप पकड़ी गई है। दिल्ली सरकार के कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक गोदाम से कुल 1538 बैग यूरिया जब्त किए गए, जिनमें 1060 बैग कृषि ग्रेड और 478 बैग तकनीकी ग्रेड यूरिया शामिल हैं। वहीं, बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई न केवल अवैध उर्वरक व्यापार पर प्रहार है, बल्कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बाहरी-उत्तरी जिला के पुलिस उपायुक्त (आईपीएस) हरेश्वर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच जारी है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

■ नरेला इलाके से कृषि एवं तकनीकी ग्रेड यूरिया की बड़ी खेप बरामद



### यह है अवैध यूरिया का पूरा मामला

क्षेत्रीय पुलिस उपायुक्त के अनुसार, दिनांक 18 जुलाई को थाना नरेला क्षेत्र में एक पीसीआर कॉल के माध्यम से एक गोदाम में अवैध यूरिया रखे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो नरेला के विशाल बाग इलाके स्थित एक गोदाम बंद मिला। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गोदाम मालिक का पता लगाया और गोदाम पर सुरक्षा कर्मचारी तैनात कर दिए। पुलिस के अनुसार 19 जुलाई को, गोदाम मालिक अतुल बंसल पुत्र श्याम सुंदर ने गोदाम खोला। मौके पर कृषि विभाग को सूचित किया गया। संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय के निर्देश पर उर्वरक निरीक्षक सत्यवीर शर्मा की टीम ने गोदाम का निरीक्षण किया और बड़ी मात्रा में यूरिया पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि गोदाम मालिक के पास यूरिया के भंडारण या बिक्री का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। इससे स्पष्ट होता है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश का उल्लंघन किया गया है और कृषि ग्रेड यूरिया का दुरुपयोग किया जा रहा था।

### मौके से विभिन्न यूरिया के नमूने भी एकत्र किए

उर्वरक निरीक्षक ने मौके से विभिन्न यूरिया के नमूने भी एकत्र किए, जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है। इस मामले में संयुक्त कृषि निदेशक, दिल्ली सरकार द्वारा थाना नरेला में एक शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर रविवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम की संबंधित धारा के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद जुआ खेलते और खिलाते हुए गिरफ्तार : सचदेवा

■ पुछा, सौरभ भारद्वाज इस जुआरी पार्षद को 'आप' से निष्कासित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सत्ता से दूर होने के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेताओं का एक नया चेहरा सामने आया है जब स्वरूप नगर वार्ड से आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद जोगिंदर सिंह बंटी को दिल्ली पुलिस ने जुआ खेलते और खिलवाते हुए गिरफ्तार किया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए रविवार को यह बयान जारी किया। सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज से सवाल करते हुए पूछा कि आखिर सौरभ भारद्वाज इस जुआरी पार्षद को 'आप' से निष्कासित करेंगे या फिर इसे भी भाजपा की साजिश कह कर दबायेंगे।

सचदेवा ने कहा कि करीब 4 लाख 35 हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार होने वाला आम आदमी पार्टी पार्षद जोगिंदर सिंह बंटी रिवाल्वर बाज पार्षद है, जो 2022 में नगर निगम चुनाव प्रचार में रिवाल्वर लहराते हुए पकड़े गए थे। उन्होंने कहा कि आप नेता खुद को एक अलग तरह की राजनीति करने वाली पार्टी के सदस्य बताते रहे हैं लेकिन नकली डिग्री वाले मंत्री जितेंद्र तोमर एवं कुचर्चित राशन कार्ड मंत्री संदीप कुमार से जो आप के रंगीन चेहरे दिल्ली वालों ने देखने शुरू किए थे उसकी ताज़ा कड़ी जुआ खिलाते पार्षद जोगिंदर सिंह बंटी हैं।

## ओल्ड राजिंदर नगर में यूपीएससी आकांक्षी ने आत्महत्या की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर इलाके में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 25 वर्षीय एक आकांक्षी ने कथित तौर पर अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें उसने लिखा है कि वह अपनी मौत के लिए अकेला जिम्मेदार है। पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम करीब 6:32 बजे राजिंदर नगर थाने को पीसीआर कॉल से घटना की सूचना मिली। इसने कहा कि एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची जहां तरुण ठाकुर का शव एक चादर के सहारे पंखे से लटका हुआ था।" तरुण मूल रूप से जम्मू का रहने वाला था और यहां किराए के मकान में रह रहा था।

## अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़, दो नाइजीरियाई समेत छह लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया और इस सिलसिले में दो नाइजीरियाई नागरिकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी लॉटरी, उपहारों और इनामी योजनाओं के जरिए भारतीय नागरिकों से ठगी कर रहे थे। कई सालों से सक्रिय यह गिरोह पीड़ितों को फर्जी तरीके से खोले गए बैंक खातों में बड़ी रकम भेजने का लालच देता था। आरोपियों की पहचान शाहिद रज़ा (45), शाहरुख खान (23), विकास (25) और राकेश उर्फ लालू (22) के रूप में हुई है। ये चारों लोग लोग नाइजीरियाई नागरिक शेड्रैक ओनायनोर (29) और संडे जॉन उर्फ लिबर्टी (40) के साथ मिलकर ठगी करते थे। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) विक्रम सिंह ने बताया कि सात जुलाई को सूचना मिली थी कि दिल्ली से संचालित ठगों का एक समूह ऑनलाइन लॉटरी और उपहार योजनाओं के माध्यम से लोगों के साथ ठगी कर रहा है, जिसके बाद इस गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। डीसीपी ने कहा कि रज़ा को दिल्ली के पंजाबी बाग से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 3.63 लाख रुपये नकद, नौ एटीएम कार्ड और एक मोबाइल फोन मिला, जिसमें आपत्तिजनक जानकारी थी। उससे पूछताछ में नाइजीरियाई मूल के भारतीय और विदेशी नागरिकों से जुड़े एक नेटवर्क का पता चला। इसके बाद की छापेमारी में शेड्रैक को दिल्ली के खानपुर से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह कथित तौर पर ठगी की रकम वसूल रहा था। वह 2018 से अवैध रूप से भारत में रह रहा था। वह अपने मेडिकल वीजा की अवधि से अधिक समय तक भारत में रहा। उसके पास से आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य भी बरामद किये गए। रज़ा और शेड्रैक द्वारा किये गए खुलासे के आधार पर शेष लोगों की गिरफ्तारियां की गईं।

डीसीपी ने कहा, "पुलिस के दलों ने कई मोबाइल फोन, आधार और पैन कार्ड, चेक बुक, पासबुक और अन्य वस्तुएं जब्त की हैं।" पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गए सभी छह लोगों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## छत के जरिए आभूषण की दुकान में सेंध लगाने वाला चोर पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुर इलाके में स्थित आभूषण की दुकान में चोर छत के रास्ते भीतर घुसे और महंगे आभूषण तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को आभूषण की दुकान के मालिक करण वर्मा ने शिकायत दी थी कि पिछली रात किसी ने छत के जरिए घुसकर उनकी दुकान में सेंध लगा दी और सोने-चांदी के कई आभूषण गायब कर दिए। मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। सबूतों के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसे पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि गोकलपुर गांव निवासी आरोपी योगेश कुमार (24) को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया।

## चोरी के मोबाइल फोन का अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार, 42 स्मार्टफोन बरामद


**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन हासिल करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार करके करोल बाग में स्थित उसकी दुकान से 42 स्मार्ट फोन बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान दिल्ली के महरौली के निवासी सतेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सुरजीत (47) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि वह चोरी के उपकरणों को नेपाल भेजने की तैयारी कर रहा था, तभी उसे पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, सुरजीत पहले मोबाइल चोरी, घरों में चोरी, झपटमारी और डकैती समेत कम से कम 10 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि सुरजीत ने पहले भी नेपाल में 300-400 से अधिक चोरी के मोबाइल फोन की आपूर्ति की है। अपराध शाखा की एक टीम ने अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर 19 जुलाई को सुरजीत की दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान, दुकान से 42 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनमें 16 आईफोन और कई अन्य बड़े एंड्रॉयड फोन शामिल थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि सुरजीत स्थानीय चोरों और अंतरराष्ट्रीय चोर बाजार के बीच एक अहम कड़ी के रूप में काम करता था। वह चोरी किए गए और सड़क पर छीने गए मोबाइल फोन बदमाशों से खरीदता था और बाद में उन्हें नेपाल भेजकर दोबारा बेचता था। अधिकारी ने कहा, ₹आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने तिहाड़ जेल में सजा काटते समय अपना नेटवर्क बनाया था, जहां वह कई ज्ञात अपराधियों के संपर्क में आया। सुरजीत ने 1997 से 2000 तक पंजाबी बाग में एक पीसीओ बूथ पर काम किया। बाद में वह मोबाइल से जुड़ी चीजों और पुराने फोन का कारोबार करने लगा। पुलिस के अनुसार, 2017 तक जल्दी मुनाफे के लालच में, उसने अपराधियों से चोरी के मोबाइल फोन खरीदने शुरू कर दिए और उसी साल कई मामलों में उसे गिरफ्तार भी किया। सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुआ था और वह 1999 में दिल्ली आ गया। उसने दसवीं कक्षा तक सरकारी स्कूल से पढ़ाई की। वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। साल 2017 में जेल से रिहा होने के बाद, उसने कथित तौर पर करोल बाग में एक दुकान खोलकर अपना काम फिर से शुरू कर दिया, जहां वह मोबाइल एक्सेसरीज़ और नकली उत्पाद बेचता था।

## पति की हत्या का भेद चैट से खुला

# महिला ने प्रेमी को लिखा, 'इतनी गोलियां दे चुकी हुं, पर कुछ नहीं हुआ'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका के उत्तम नगर इलाके में एक व्यक्ति की हत्या की साजिश का भंड़ाफोड़ उसकी पत्नी और उसके प्रेमी के बीच 90 से अधिक इंस्टाग्राम संदेशों से हुआ है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या महिला ने अपने परिवार के सदस्यों और ससुराल वालों से अपनी बातचीत छिपाने के लिए इंस्टाग्राम के गायब होने वाले संदेश फीचर का इस्तेमाल किया था, क्योंकि वह पिछले दो वर्षों



से अपने प्रेमी के साथ रिश्ते में थी। करण (36) की कथित तौर पर उसकी पत्नी सुष्मिता और उसके प्रेमी राहुल (जो उसका रिश्ते में देवर लगता है) ने नशीला पदार्थ खिलाकर और बिजली का झटका देकर हत्या कर दी। करण के भाई कुणाल देव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल ने एक बिजली का तार लगाया और उसे करण के हाथों और छाती से, उसके हृदय के पास, जोड़ दिया, ताकि उसे कई बार बिजली के झटके दिए जा सके। कुणाल ने दावा किया कि घटना के बाद आपत्तिजनक चैट का पता लगा, जिसके बाद परिवार ने सुष्मिता का एक वीडियो रिकॉर्ड किया। वीडियो में सुष्मिता ने कथित तौर पर दही में दो से तीन नींद की गोलियां मिलाने और बाद में करण के सोते समय पानी में घोलकर और गोलियां देने की बात कबूल की। परिवार ने न्याय की मांग की और पुलिस से करण की कथित हत्या के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। कुणाल ने बताया कि उनका भाई परिवार के घर के पास ही एक अलग मकान में रह रहा था। उन्होंने बताया कि शक तब हुआ जब सुष्मिता और राहुल लगातार पोस्टमॉर्टम न कराने पर अड़े रहे। यह घटना 13 जुलाई को तब सामने आई जब माता रूपरानी मग्गो अस्पताल से पीसीआर को कॉल कर करण की मौत की सूचना दी गई। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित कुमार सिंह ने कहा कि चैट (संदेशों का आदान-प्रदान) तक करण के भाई की पहुंच के बाद सुष्मिता और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस चैट में करण की हत्या की साजिश पर चर्चा की गई थी। राहुल, करण का चचेरा भाई है। करण के भाई ने पुलिस को बताया कि उसे सुष्मिता के व्यवहार और राहुल के साथ उसकी नजदीकी पर पहले से ही शक था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सुष्मिता ने कथित तौर पर करण को अपने घर पर नींद की गोलियां देकर बेहोश कर दिया और उसके मरने का इंतजार किया। सूत्र ने बताया कि हालांकि, जब सुष्मिता की उम्मीद के मुताबिक करण की मौत नहीं हुई, तो उसने राहुल को संदेश भेजना शुरू कर दिया। जांच में खुलासा हुआ कि सुष्मिता ने 12 जुलाई की रात को करण के खाने में कथित तौर पर लगभग 15 नींद की गोलियां मिला दीं और बाद में अपने पति को बिजली का झटका देने में मदद करने के लिए राहुल को बुलाया। सूत्र ने बताया कि हत्या के बाद सुष्मिता कथित तौर पर पास में स्थित अपने ससुराल वालों के घर गई और उन्हें बताया कि करण बेहोश हो गया है, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया और मौत का कारण बिजली का झटका बताया गया। जांच से जुड़े एक अन्य सूत्र ने दोनों आरोपियों के बीच लिखित संदेश के जरिये हुई बातचीत का विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि एक संदेश में सुष्मिता ने लिखा, 'इतनी गोलियां दे चुकी हूं, फिर भी कुछ नहीं हो रहा...अब करंट ही देना पड़ेगा।' राहुल ने जवाब दिया, 'उसके हाथ-पैर टेप से बांध देना, फिर करंट लगाना।'

सूत्र ने बताया कि चैट में उनकी हताशा भी सामने आई जब गोलियों का उपयोग करके करण को मारने का उनका पहला प्रयास सफल नहीं हुआ। सुष्मिता के एक अन्य संदेश में लिखा था, 'कितनी देर करंट लगाना पड़ेगा कि वह मरे?'

कुछ चैट संदेश से यह भी पता चला कि वे काफी समय से करण की हत्या की साजिश रच रहे थे, क्योंकि उसे यह देखने के लिए नशीला पदार्थ दिया था कि उसे बेहोश होने में कितना समय लगेगा। सूत्रों ने बताया कि दोनों उसकी जान लेने के लिए तरह-तरह के तरीके खोज रहे थे। सूत्र ने कहा कि हम दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। दोनों ने स्वीकार किया है कि वे कई हफ्तों से इसकी साजिश रच रहे थे। उन्होंने पहले भी करण की हत्या का प्रयास करने की बात कबूल की है। सूत्र ने बताया कि आगे की जांच जारी है और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है।

डीसीपी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एमसीडी के पूर्व कर्मचारी ने पद पर फिर से बहाली के लिए लिखा उपराज्यपाल को पत्र

- अधिकारी नहीं कर रहे दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के निर्देश का पालन

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के पूर्व कॉन्ट्रैक्चुअल फील्ड वर्कर (सीएफडब्ल्यू) कर्मचारी राजकुमार ने पद पर फिर से बहाली के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि उनकी बहाली को लेकर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने 19 मई 2022, को निगम आयुक्त और 25 मार्च 2025 को निगम के एमएचओ डॉ. ललन राम वर्मा और जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये थे कि याचिकाकर्ता राजकुमार को बिना शर्त के बहाल किया जाए और भ्रष्टाचार में जो अफसर शामिल थे उनको सस्पेंड किया जाए। आदेश होने के वाबजूद किसी आरोपी पर उचित कार्यवाही नहीं हुई और अब तक ना किसी अफसर की जांच हुई। इसके साथ ही पीड़ति पूर्व कर्मचारी राजकुमार ने कहा है कि निगम अधिकारी उन्हें उचित जवाब नहीं दे रहे हैं। बता दें कि दिल्ली के तीन नगर निगमों (उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी) के एकीकरण होने से पहले दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मलेरिया विभाग में तैनात कॉन्ट्रैक्चुअल फील्ड वर्कर (सीएफडब्ल्यू) कर्मचारी राजकुमार ने उस समय बताया था कि उन्होंने निगम के जन स्वास्थ्य विभाग में चल रहे हाजिरी घोटाले संबंधी भ्रष्टाचार की पोल खोली थी और इसे लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न आरोप लगाकर मनमाने तरीके से (टर्मिनेट) हटा दिया था।

### उत्तर-पश्चिम जिला की दिल्ली विलेज डवलपमेंट एंड वेलफेयर कमेटी की बैठक में विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी

# कुतुब गढ़: डीडीए खेल परिसर में कई विकास कार्यों को मंजूरी, शमशान भूमि तक रास्ते का होगा निर्माण

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ गांव स्थित डीडीए खेल परिसर में कई विकास योजनाओं को जल्द ही पूरा किया जाएगा। इसके अलावा कुतुब गढ़ गांव की शमशान भूमि तक जाने वाले रास्ते का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। उत्तर-पश्चिम जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में गत 10 जुलाई को हुई दिल्ली विलेज डवलपमेंट एंड वेलफेयर कमेटी की बैठक में विकास परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

ज्ञात हो कि डीडीए खेल परिसर आधी अधूरी सुविधाओं के साथ ही चल रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी की उपराज्यपाल द्वारा कुतुबगढ़ को मॉडल विलेज बनाने के बाद आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण खेल परिसर बनाया जाएगा लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। कुश्ती के लिए इंडोर ब्लॉक का निर्माण नहीं होने के चलते बहुउद्देशीय हॉल में ही कुश्ती मैट डालकर युवा पहलवान पसीना बहा रहे हैं।



हरिभूमि

उपराज्यपाल सक्सेना ने आस तो जगाई पर निर्धारित योजनाएं अभी भी अधर में

मॉडल गांव कुतुब गढ़ का डीडीए खेल परिसर सुविधाओं से मीलों दूर

ओपन जिम तोड़ रहा दम और फुटबॉल ग्राउंड सिर्फ नाम का ग्राउंड



हरिभूमि

बवाना विधानसभा का मॉडल विलेज कुतुब गढ़ : जनप्रतिनिधियों की बेरूखी से लोग परेशान

कंधों पर अर्थी...कीचड़ में पांव, शमशान भूमि तक पहुंचना बेहद कठिन

### हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने पर टूटी प्रशासन की नींद

गौरतलब है कि हरिभूमि अखबार ने गत्र 16 मई को 'मॉडल गांव कुतुब गढ़ का डीडीए खेल परिसर सुविधाओं से मीलों दूर' शीर्षक से खबर प्रकाशित करते हुए जरूरी सुविधाओं की कमी को उजागर किया था। गत 30 जून को 'कंधों पर अर्थी...कीचड़ में पांव, शमशान भूमि तक पहुंचना बेहद कठिन' शीर्षक से खबर छापी थी। इस खबर में बताया गया था कि कुतुब गढ़ गांववासियों के लिए बदहाल रास्ते से होकर शव को अंत्येष्टि के लिए शमशान भूमि तक ले जाना कितना मुश्किल कार्य है।

आखिरकार हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की नींद टूटी और उत्तर-पश्चिम जिला की दिल्ली विलेज डवलपमेंट एंड वेलफेयर कमेटी की बैठक में इन दोनों खबरों का संज्ञान लिया गया। इन दोनों मामलों में यूनिटी फॉर डवलपमेंट संस्था ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र भी लिखा था।

### डीडीए खेल परिसर: करीब 3 करोड़ 7 लाख की अनुमानित धनराशि मंजूर

खबर का असर

डीडीए खेल परिसर में विकास कार्यों हेतु तीन करोड़ 6 लाख 74 हजार रूपये की अनुमानित धनराशि को मंजूरी प्रदान की गई है, यह कार्य डीडीए की देखरेख में होगा। इसमें सीसी रोड़ का निर्माण, पार्किंग एरिया का सुधार, फुटबाल ग्राउंड के चारों तरफ चैंन लिंक फेंसिंग, जल निकासी, हरित क्षेत्र हेतु पाइपलाइन, गार्ड रूम का निर्माण और वॉटर कूलर हेतु शैड बनाने का कार्य किया जाएगा।

### शमशान भूमि रोड और नाले के लिए 62 लाख रूपये का प्रावधान

कुतुब गढ़ शमशान भूमि तक जाने वाले बदहाल रास्ते के निर्माण हेतु 62 लाख 23 हजार रूपये की अनुमानित धनराशि मंजूर की गई है, यह कार्य एमसीडी नरेला जोन की देखरेख में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना में पीडीजी आरएमसी द्वारा रोड़ और नाले का निर्माण शामिल है। इसके अलावा कुतुब गढ़ गांव में दो गलियों के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। बैठक में रानीखेड़ा गांव की शमशान भूमि के रेन्यूवेशन को भी मंजूरी दी गई। इस कार्य को सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की देखरेख में पूरा किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ 20 लाख रूपये की अनुमानित धनराशि मंजूर की गई है। जटखोड़ गांव में पीडीजी आरएमसी के एक रोड़ और नाले के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसे एमसीडी नरेला जोन की देखरेख में पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ 2 लाख रूपये की अनुमानित धनराशि मंजूर की गई है। जौंती गांव में कब्रिस्तान के विकास हेतु 65 लाख 85 हजार रूपये की अनुमानित धनराशि का प्रावधान किया गया है।

## पूर्व सीएम शीला की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने की पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व गवर्नर स्व. शीला दीक्षित की छठी पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उनकी फोटो पर फूल मालाएं चढ़ाई और पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश कार्यालय में आयोजित शीला की श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा उनके पुत्र व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पुत्री लतिका, पूर्व सांसद उदित राज, पूर्व मंत्री डा नरेन्द्र नाथ, मंगतराम सिंघल, डा योगानंद शास्त्री, प्रो किरण वालिया, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि आधुनिक दिल्ली की जनक शीला दीक्षित थी। लगातार 15 साल कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार के समय झुग्गी झौपड़ी, रेहड़ी पटरी, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए जो योजनाऐं बनाई थी उनको आप पार्टी और भाजपा ने लगभग पूरी तरह बंद कर दिया है। जबकि शीला दीक्षित ने अपने 15 वर्ष के



कार्यकाल में दिल्ली की भौगोलिक परिस्थितियों और बेहाल संरचना का मूलभूत विकास करके राजधानी में इन्फ्रास्ट्रक्चर को जिस तरह से मजबूती प्रदान की थी, उसको याद करते हुए दिल्लीवाले आज शीला की दूरगामी सोच और कुशल नेतृत्व के लिए उन्हें याद करते हैं। लेकिन पिछले 11-12 वर्षों में आम आदमी पार्टी और पिछले 6 महीनों से भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली वालों के साथ झूठे वादे करके उनको धोखा दे रही है। शीला दीक्षित शासन के 15 वर्षों में किए गए दिल्ली के अभूतपूर्व विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, परिवहन, मेट्रो विकास, महिलाओं और बेटियों के सामाजिक उत्थान आदि के जो काम किए थे आज वो सभी या तो पिछड़ गए है या पूरी तरह ठप्प पड़ गए है। यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा सरकार ने चुनावों के दौरान यमुना सफाई, महिलाओं को 2500 रुपये देने, युवाओं को रोजगार और झुग्गीवासियों का पुर्नउद्धान करने के जो वादे किए थे, उस पर अपने 6 महीने के शासन में कुछ भी नही किया है। वर्तमान में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की तुलना कांग्रेस शासन के समय से की जाए तो हालात बहुत ही बदतर हो चुके है और दलितों को जो सम्मान शीला दीक्षित के शासन में दिया गया। पर्यावरण के अनुकूल मेट्रो परियोजना दिल्ली में चलाकर परिवहन व्यवस्था को बूस्टर दिया और प्रदूषण कम करने के लिए पूरे डीटीसी बेड़े को सीएनजी लेस करके क्रांतिकारी फैसले लिए और दिल्ली में ग्रीन कवर बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण काम किया था। शीला जी के समय दिल्ली विश्व की हरित शहरों में अग्रणी गिनी जाती थी। आम आदमी पार्टी शासन के दौरान दलितों, अल्पसंख्यकों और वंचितों की प्रोफेशनल कोचिंग के लिए 145 करोड़ का गबन किया गया, जिसकी जांच उपराज्यपाल एसीबी से करा रहे है।

## यमुना स्वच्छता के लिए निगम लगा रही है बॉयोगैस प्लांट: सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अपने अधीन आने वाली डेयरी कॉलोनियों से निकलने वाले पशु गोबर के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए गोबर बॉयोगैस प्लांट (संयंत्र) लगा रही है, जिससे यमुना में सीधे या परोक्ष रूप से जाने वाले जैविक अपशिष्ट पर रोक लगेगी। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नंगली डेयरी में अगस्त माह से बॉयोगैस प्लांट शुरू हो जाएगा। साथ ही अगले वर्ष तक गोयला व घोघा डेयरी में भी बॉयोगैस प्लांट बनकर तैयार हो जाएंगे। सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार के विजन के अनुरूप दिल्ली को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने की दिशा में दिल्ली नगर निगम ठोस प्रयास कर रहा है। सत्या शर्मा ने बताया कि नंगली और गोयला क्षेत्र में लगभग 1,500 डेयरियां संचालित हो रही हैं। इन डेयरियों से प्रतिदिन भारी मात्रा में पशु गोबर निकलता है, जो अक्सर नालियों के माध्यम से बहकर नजफगढ़ ड्रेन में चला जाता है। चूंकि नजफगढ़ नाला सीधे यमुना



नदी से जुड़ा है, इसलिए यह अपशिष्ट यमुना को प्रदूषित करता है। इन संयंत्रों के निर्माण से यह गोबर वैज्ञानिक तरीके से संसाधित होगा और यमुना नदी में गंदगी जाने पर रोक लगेगी।

स्थायी समिति अध्यक्ष शर्मा बताया कि हाल ही में हुई बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विशेष रूप से ज़ोर दिया कि दिल्ली नगर निगम को यमुना को स्वच्छ करने के लिए अपने स्तर पर ठोस प्रयास करे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप, निगम सभी संबंधित कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है। यह पहल निश्चित रूप से यमुना सफाई मिशन को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

सत्या शर्मा ने बताया कि ये तीनों बायोगैस प्लांट प्रतिदिन कुल 200 टन पशु गोबर के वैज्ञानिक निस्तारण की क्षमता रखते हैं। प्रत्येक बायोगैस संयंत्र के निर्माण पर लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

### कांग्रेस नेता ने लिखा सीएम रेखा गुप्ता को पत्र

## खाली पड़े पटवार घर में डिस्पेंसरी खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बुराड़ी गांव में वर्षों से बंद पड़े पटवार घर की खाली इमारत में लोगों की सुविधा के लिए डिस्पेंसरी खोलने की मांग उठी है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने पहल करते हुए मुख्यमंत्री आदि को पत्र लिखा है। इस बारे में समाजसेवी और करावल नगर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पहल की है। भारद्वाज ने सीएम रेखा गुप्ता से लेकर संबंधित विभागों के आला अधिकारियों को पत्र लिखा है। भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली की बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अक्सर पत्राचार के माध्यम से उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रालय और विभागों को अवगत करवाते रहे है। इसी कड़ी में सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर मांग की है कि बुराड़ी गांव में लंबे समय से बंद पड़े पटवार घर में आयुर्वेदिक या एलोपैथिक डिस्पेंसरी



खुलवा दी जाए तो हजारों लोगों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने बताया कि इस बारे में मुख्यमंत्री और डीएम सेंट्रल को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007-08 में तत्कालीन कांग्रेसी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित द्वारा निर्मित पटवारी कार्यालय की सरकारी इमारत बेहद जर्जर व दयनीय हालत में खाली पड़ी है। इमारत के बाहरी व अंदरूनी हिस्से लगभग गिरने के कगार पर पहुंच चुके है जिससे कभी भी कोई हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। अगर इसमें डिस्पेंसरी खोलने का कार्य शुरू हो जाए तो उसकी हालत भी सही हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व बुराड़ी में एसडीएम कार्यालय खुलने के बाद पटवारी कार्यालय का समस्त कार्य स्थानांतरित होकर एसडीएम कार्यालय में चला गया है। जिसके बाद से यह पटवार घर बेकार बंद पड़ा है। उन्होंने बताया कि चूंकि यह इमारत क्षेत्र की एक प्रमुख और सुगम स्थान बुराड़ी बाजार क्षेत्र में स्थित है, जो इसे सार्वजनिक उपयोग के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए क्षेत्र के निवासियों की स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता और मांग को देखते हुए पत्राचार के माध्यम से इस खाली पड़ी इमारत में आयुर्वेदिक या एलोपैथिक डिस्पेंसरी खोले जाने का अनुरोध किया है। ताकि इससे स्थानीय लोगों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों सकें, विशेषकर उन लोगों को जो दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों तक जाने में असमर्थ हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की जनहित कार्य पर सीएम रेखा गुप्ता अवश्य संज्ञान लेंगी और लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पहल करेंगी। उन्होंने कहा कि बुराड़ी की जनता कई बार इसकी मांग कर चुकी है।

## समाज कल्याण विभाग मंत्री ने कांवड़ियों पर फूल बरसाकर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को रोहिणी सेक्टर-20 में शिव मंदिर पर कांवड़ियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की और उनकी कठिन यात्रा के प्रति आभार एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली



सरकार श्रद्धालुओं की आस्था और जनभावनाओं का पूर्ण सम्मान करती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा के दौरान अभूतपूर्व और ऐतिहासिक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली शिवमय हो गई है। विभिन्न स्थानों पर ज्योतिर्लिंगों की प्रेरणा से 17 भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। दिल्ली में कुल 374 कांवड़ शिविर स्थापित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी से अधिक संख्या में हैं। इन शिविरों में ठहरने, पेयजल, भोजन एवं बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए गए पौधे

- चौदह जिलों में मां यमुना को किए गए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली के सभी 14 जिलों में एक पेड़ मां के नाम अभियान लगातार चल रहा है और रविवार को एक विशेष कार्यक्रम के तहत पौधे लगाकर मां यमुना को समर्पित किये गये। भाजपा के सांसद, प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने



मां यमुना और अपने स्थानीय क्षेत्रों के वाटर बॉडी के किनारे पौधा रोपण एवं सीड बॉल बीज रोपण किया। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, विधायक राजकुमार भाटिया सहित प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने इस विशेष अभियान में भाग लिया।

### जहां नमी की मात्रा अधिक, वहां सीड बॉल बीज का प्रयोग

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि भाजपा द्वारा एक विशेष प्रयास किया गया है। प्रदेश के उन स्थानों पर जहां नमी की मात्रा अधिक है, सीड बॉल बीज का प्रयोग किया गया है। पूरे प्रदेश में एक लंबी योजना के साथ पर्यावरण संरक्षण किया जा रहा है और सीड बॉल बनाने की तैयारी प्रत्येक विद्यालयों में भी की जा रही है।

### एक पेड़ सेना के नाम के तहत किया जाएगा पौधारोपण

सचदेवा ने कहा कि प्रदेश में 30 हजार से अधिक सीड बॉल बीज को प्रतिपादित किया जाएगा और अगले कार्यक्रम में 27 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम के बाद एक पेड़ सेना के नाम के तहत पौधारोपण किया जाएगा।

### अगले तीन दिन हल्की बूंदाबांदी की संभावना

## सूरज के तेवर हुए कड़े, तापमान में हुई बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन वीकेंड रविवार के दिन दिल्ली में सूरज के तेवर कड़े दिखाई दिए। जिसके चलते अधिकतम तापमान में कई दिनों बाद बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। जबकि एक पखवाड़े से अभी तक अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा था, जो अब बढ़कर प्लस हो गया है, यानी सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार वीकेंड रविवार को दिल्ली में



देर रात तक कहीं कोई बड़ी मौसमी गतिविधी, मतलब बारिश दर्ज नहीं हुई। जिसके चलते सूरज का तपिश बढ़ने से अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने बताया कि लेकिन अभी न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री नीचे रहते हुए 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने बताया कि दिनभर आसमान एकदम साफ सुथरा बना रहने से सूरज की किरणें सीधी जमीन पर पहुंच रही थी, जिसके चलते अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। आईएमडी ने ताजा भविष्यवाणी जारी करते हुए कहा है कि सोमवार से एक बार फिर हल्की बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेगी। ऐसा मौसम लगातार अगले तीन चार दिन जारी रह सकता है, जिसके चलते तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट संभव है। बता दें कि दो दिन की देरी के साथ 29 जून 2025 को मानसून दिल्ली पहुंचा था। उसके बाद से लेकर अब तक दो तीन अच्छी बारिश और तीन चार दिन मध्यम बारिश दर्ज हुई है। लेकिन इस बार मानसून के दौर अभी तक मूसलाधार बारिश देखने को नहीं मिली है। हालांकि बारिश के चलते दिल्ली अधिकांश समय जाम हो जाती है। जगह जगह जलभराव, करंट से जान जाने, भवन ढहने जैसी घटनाएं होने से जानमाल की हानि उठानी पड़ती है। इसलिए दिल्ली के अधिकांश लोग मूसलाधार बारिश की कामना कम ही करते है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लगाए अधिकारियों संग मिलीभगत से भाजपा पार्षदों पर उगाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली नगर निगम में अधिकारियों के साथ मिलकर भाजपा पार्षदों पर उगाही करने के गंभीर आरोप लगाए है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बयान जारी कर आरोप लगाए कि भाजपा के निगम पार्षदों द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से रिहायशी क्षेत्रों में हो रहे निर्माणों से अवैध वसूली की जा रही है। यादव ने कहा कि भाजपा के भ्रष्ट शासन तंत्र के तहत दिल्ली नगर निगम में भ्रष्टाचार का खुलासा सीबीआई की रेड के बाद दिल्लीवालों के सामने उजागर हो चुका है। महिपालपुर



वार्ड 133 नजफगढ़ जिला में एक मकान बनाने के नाम निगम कर्मचारी को 4 लाख की रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने रंगे हाथों पकड़ा है। उन्होंने सवाल उठाया कि रिहायशी मकान बनाने वाले गरीब लोगों से निगम अधिकारी भाजपा नेताओं की मिलीभगत से अवैध वसूली कर रहे है, तो व्यवसायिक भवन और गतिविधि चलाने वालों से कितनी अवैध वसूली होती होगी। यादव ने कहा कि बिजवासन के पूर्व विधायक कर्नल देवेन्द्र सेहरावत ने निगम कर्मचारी की रिश्वत के मामले को पूरी तरह उजागर किया है और कांग्रेस के पास सीबीआई द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए लोगों के अलावा और भी दस्तावेज है जिनका हम जल्द खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता रंजीत कुमार जो अपना माकन बना रहे थे सीबीआई ने निगम कर्मचारी सुनील के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। यह सिर्फ एक मामला है जबकि पूरी दिल्ली हर दिन हजारों रिहायशी क्षेत्रों में लेंटर पड़ते है, भाजपा की शह पर निगम अधिकारी बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार कर रहे है, ऐसी 50 से अधिक शिकायतें हमारे पास है।

# बूथ मजबूत कर संगठन को मजबूत करें भाजपा कार्यकर्ता : रामपाल

### अध्यक्ष ने मंडल सुदृढ़ीकरण एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

-भाजपा का कार्यकत्ता ही भाजपा की शक्ति

-सुशासन का असली रूप है, बूथ स्तर पर संवाद




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की सराहना करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि ये योजनाएं प्रदेश के जन-जन को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही हैं। यही सुशासन का असली रूप है।

बूथ स्तर पर संवाद, सेवा और संपर्क के माध्यम से आम जन तक पहुंच बनाकर सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना कार्यकर्ताओं का दायित्व है। भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक अटल कमल भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रामपाल ने कहा, भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति है। हमें अनुशासन, समर्पण और सक्रियता के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। रामपाल ने मंडल अध्यक्षों से संगठन की कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, शक्ति केन्द्र व बूथ का गठन, मंडल प्रवास व अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा पार्टी को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 27-28 जुलाई मंडल प्रवास, 27 से 31 जिला कार्यकारिणी, अगस्त माह में मंडल कार्यकारिणी की बैठकें आयोजित की जाएंगी। मंडल अध्यक्षों और जिला पदाधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि संगठनात्मक दक्षता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में मन की बात कार्यक्रम को लेकर भी विशेष चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष रामपाल ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस राष्ट्रहितकारी संवाद कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुना जाए और इसकी तस्वीरें सरल ऐप पर अपलोड की जाएं।

#### कार्यक्रम में ये लोग शामिल हुए

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष सीमा भारद्वाज, विक्रम सिंह अरुआ, मुकेश शर्मा, धर्मवीर भड़ाना, जिला सचिव गिर्राज त्यागी, मनीष छोंकर, आरती साहू, सुनील कुमार, तरनजीत भाटिया, अनुराधा डीगवाल, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, जिला कार्यालय सचिव राज मदान, आईटी प्रमुख शिवम रतन, मन की बात कार्यक्रम की जिला संयोजक अरुणिमा सिंह तथा अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री और मन की बात मंडल संयोजक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियर से 4 लाख 82 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में रेफ्रिजरेटर खरीदने के नाम पर जालसाज ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 4 लाख 82 हजार रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-10ए निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर सुशांत ने बताया कि उन्होंने रेफ्रिजरेटर बेचने के लिए ओएलएक्स पर जानकारी डाली थी।




### 25 लाख रुपए की ठगी एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध कराने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस्माइलपुर फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि फेसबुक पर सर्फिंग करते समय उसने ट्रेडिंग का एक विज्ञापन देखा। ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 25 लाख 67 हजार रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेजा है।



### कुख्यात बदमाश संदीप पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** थाना मोदीनगर पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय कुख्यात लुटेरा संदीप शनिवार की रात में मोदीनगर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली व एनसीआर के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ़ 32 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, लूट की घटना से संबंधित एक चैन व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद बरामद हुई है।



## पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया

# हरियाली के संकल्प के साथ सेक्टर-9 में कैबिनेट मंत्री गोयल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वृक्षारोपण में नपा आयुक्त खड़गटा भी शामिल रहे

हरियाली फैलाने से लोगों में पर्यावरण की चेतना जागृत होगी



प्रगति और प्रकृति के बीच संतुलन ही सतत विकास की असली पहचान है। इसी विचार को धरातल पर उतारते हुए रविवार सुबह फरीदाबाद के सेक्टर-9 बाईपास रोड स्थित ग्रीन जोन में एक विशेष पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया, जिनकी अगुवाई में पौधे लगाए गए। इस मौके पर पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

वातावरण को स्वच्छ, हरित और जीवनदायिनी बनाए रखने की दिशा में दीर्घकालिक जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी ज़ाहिर की गई। ग्रीन जोन के रूप में चिन्हित इस क्षेत्र को एक मॉडल के तौर पर विकसित किया जा रहा है, जहां ना केवल हरियाली फैलेगी बल्कि लोगों में पर्यावरण चेतना भी जागृत होगी।

**पौधरोपण अभियान में यह लोग उपस्थित रहे**

इस अवसर पर पार्षद मुकेश अग्रवाल, कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, प्रधान रणबीर चौधरी, सुरेंद्र नागर, सतवीर शर्मा, उद्योगपति अरुण बजाज, नवीन तंवर, रमेश मोदी, देवेंदर आदमी, मनोज सिन्हा, कुलदीप सिंह, अजीत नम्बरदार, पंकज सिंगला सहित सैक्टर-9 वासी के अलावा समाजसेवी, आरडब्ल्यू प्रतिनिधिगण और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की।

#### सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह अभियान कोई औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारे सोच में आए उस सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है जहां हम केवल विकास की दौड़ में नहीं हैं, बल्कि अब हम सस्टेनेबल डेवलपमेंट यानी प्रकृति और प्रगति दोनों का संतुलन चाहते हैं। उन्होंने इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने पर्यावरण संरक्षण को नीति-निर्माण का केंद्र बिंदु बनाया। इंटरनेशनल सोलर अलायंस जैसी पहल के माध्यम से भारत ने वैश्विक नेतृत्व करते हुए सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। विपुल गोयल ने आगे कहा कि भारत ने 450 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी के उत्पादन का लक्ष्य तय किया है जो आने वाले वर्षों में दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रतिबद्धता का परिचायक होगा। इसी तरह 500 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण और 75 शहरों में ग्रीन अर्बन मोबिलिटी योजना पर्यावरणीय नीति को जमीनी हकीकत में बदलने के उदाहरण हैं।

#### पूजा-अर्चना के बाद सीएम मेरठ रवाना हुए

## सीएम योगी पहुंचे गाजियाबाद, सिद्धपीठ दूधेश्वरनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गाजियाबाद पहुंचे और यहां पर उन्होंने ऐतिहासिक पीठ विदेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की। उसके बाद में यहां से मेरठ के लिए रवाना हो गए। योगी जी के आगमन मद्देनजर मंदिर पर बंदोबस्त किए गए थे। करीब 800 से ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया था। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गाजियाबाद का यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने महंत नारायण गिरी महाराज को इसके संरक्षण और आध्यात्मिक विकास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री गाजियाबाद से रवाना हो गए । इस दौरान मंदिर के महंत नारायण गिरी जी के अलावा सांसद अतुल गर्ग,विधायक संजीव शर्मा समेत भाजपा के तमाम लोग की उपस्थित रहे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने मंदिर कॉरिडोर को लेकर अधिकारियों व नारायण गिरी से बात की। उन्होंने कहा कि इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्रीमहंत नारायण गिरी ने कहा श्रवण मास में भगवान शिव की आराधना से सभी पाप समाप्त होते हैं और जीवन में शुद्धता व सकारात्मकता का संचार होता है। श्री दूधेश्वर मठ मंदिर में देशभर से आने वाले कावड़ियों और श्रद्धालुओं की सेवा ही हमारा धर्म है। हम सबके सहयोग से इस वर्ष का श्रवण कावड़ मेला भी भव्य, सुरक्षित और शांतिपूर्ण रहेगा।

## मोदीनगर में तेज रफ्तार एंबुलेंस ने मोटरसाइकिल व स्कूटी को टक्कर मारी, 2 कांवड़ियों की मौत, 3 घायल

### घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद




थाना मोदीनगर इलाके में शनिवार की देर रात में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कादराबाद गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही एंबुलेंस ने एक मोटरसाइकिल व स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें दो कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें एक कावड़ियों की हालत गंभीर बताई गई है। यह एम्बुलेंस मोदीनगर स्थित जीवन अस्पताल की है। जो मोदीनगर के भाजपा विधायक मंजू शिवाच के पति देवेंद्र शिवाच की है।

पांचों कांविड़ए मोटरसाइकिल और स्कूटी पर सवार काविड़ए जल लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। मृतक कांवड़ियों की पहचान नहीं हो सकी है। डीसीपी ग्रामीण एस एन तिवारी ने बताया कि दुर्घटना शनिवार रात तकरीबन पौने 12 बजे की है। यह एम्बुलेंस मेरठ से मरीज को छोड़कर मोदीनगर की ओर जा रही थी तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल व स्कूटी को टक्कर मार दी। एंबुलेंस की रफ्तार काफी तेज थी टक्कर इतनी भीषण थी की दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुपहिया वाहन पर सवार युवक टक्कर लगने के बाद कई फीट हवा में उछल कर काफी दूर जा गिरे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए मोदीनगर के जीवन अस्पताल और मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल एंबुलेंस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## फरीदाबाद की सोनिया ने जीता मिसेज ऐलिगेंट गोल्ड-2025 का खिताब

**फरीदाबाद।** इरादे बुलंद हो तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, उक्त कहावत को फरीदाबाद के सेक्टर-7 सी की रहने वाली सोनिया रोहिल्ला ने चरितार्थ करके दिखाया है। सोनिया ने पुणे के हयात में डिवा पैजेन्ट्स-पमपैस ऑफ दी नेशन 2025 की ओर से 26 से 29 जून तक आयोजित मिसेज इंडिया पमप्रैस आफ दी नेशन-2025 कार्यक्रम में मिसेज ऐलिगेंट गोल्ड-2025 का खिताब जीतकर न केवल अपना बल्कि फरीदाबाद जिले का नाम देशभर में रोशन किया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने बैंगलुरु, मुंबई, भोपाल, उदयपुर सहित विभिन्न राज्यों व विदेशों (नॉरवे बहरीन) इत्यादि से आई सभी प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए यह कामयाबी हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नील एंड निक्की, सरकार, सरकार राज, वी केयर फुल जैसी फिल्मों में अभिनेत्री रही मिस तनीषा मुखर्जी और अभिनेता रोहित रॉय मौजूद रहे।



गौरतलब है कि सोनिया रोहिल्ला ने अपनी प्रारंभिक शिक्ष व स्नातक शिक्षा फरीदाबाद से की और वे रियल एस्टेट कंसलटेंसी चलाती है। उनके पति अरुण रोहिल्ला पूना में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है और उनके दो पुत्र क्रमश आरुण और रियांश है।

## 28 हजार करोड़ की लागत से बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा योजना के लिए टेंडर जारीः राज्यमंत्री गुर्जर

### सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थानीय निवासियों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने रविवार को सेक्टर-45 और 46 में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नंबर 20 के अंतर्गत आने वाले दस पार्कों के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया। इन विकास कार्यों का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को एक स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है, जहां नागरिक शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त रहने के लिए समय बिता सकें। केन्द्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और इस दिशा में यह पार्क विकास कार्य एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इन दस पार्कों में इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाने, साफ-सफाई, मरम्मत, हरियाली और अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार फरीदाबाद में निरंतर विकास कार्य कर रही है। फरीदाबाद के प्रत्येक सेक्टर, कॉलोनी और गांव में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत के तहत बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि फरीदाबाद को बिजली की तारों के जाल से मुक्ति दिलाने के लिए केंद्र सरकार से 2800 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसके टेंडर भी लगाए जा चुके हैं जोकि जल्द खुल जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत आने वाले डेढ़ से दो वर्षों के भीतर शहर की सभी बिजली की तारों को भूमिगत किया जाएगा। बल्कि बिजली के खंभे हटने से सड़कों का चौड़ीकरण भी संभव हो सकेगा। जिससे हरित क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 11 वर्षों में फरीदाबाद में सड़कों और हाईवे कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में फरीदाबाद हर दृष्टि से एक आदर्श और विकसित शहर के रूप में स्थापित होगा। ननि की महापौर प्रवीण जोशी ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम द्वारा गत महीनों में जो नाला एवं ड्रेनेज सफाई अभियान चलाया गया।

### 200 से अधिक स्वयंसेवकों के जरिए 1150 ईबर्ड चेकलिस्ट बनाई

# एक साल में दिल्ली बर्ड एटलस ने की 221 से अधिक पक्षी प्रजातियों की मैपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



राजधानी दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को व्यवस्थित करने की एक शहर-व्यापी पहल के रूप में दिल्ली बर्ड एटलस ने अपना पहला वर्ष पूरा किया।

इस अवसर पर 150 से अधिक पक्षी प्रेमियों, वन अधिकारियों, शोधकर्ताओं और गैर सरकारी संगठनों की एक सभा हुई। जिसमें बताया गया कि केवल 12 महीनों में, एटलस ने 200 से अधिक स्वयंसेवकों को संगठित किया है। वहीं 1150 ईबर्ड चेकलिस्ट बनाई हैं, और आर्द्रभूमि, रिज जंगलों, नालों, शहरी गांवों, मलिन बस्तियों और ऊंची इमारतों में 221 से अधिक पक्षी प्रजातियों की मैपिंग की है।

इस अवसर पर श्याम सुंदर कांडपाल, आईएफएस, दिल्ली के मुख्य वन्यजीव वार्डन, ने एटलस को किसी भारतीय शहर में अब तक किए गए सबसे व्यापक नागरिक विज्ञान प्रयासों में से एक बताया और इस पहल के दूसरे वर्ष में समर्थन और पैमाने को बढ़ाने के लिए वन विभाग की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली बर्ड एटलस बहुत अच्छे काम कर रहा है और उन्हें हमारा पूरा समर्थन है। यह डेटा आने वाले दिनों में बहुत महत्वपूर्ण होगा और यह दिल्ली पक्षी समुदाय और नागरिकों के उत्साह और प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो राष्ट्रीय राजधानी की जैव विविधता की गहराई से परवाह करते हैं।

#### दिल्ली जैसे शहर में डेटाबेस बना सकते हैं

पक्षियों का समर्पण परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है और एटलस हमें दिखा रहा है कि कैसे दिल्ली जैसे शहर स्थानीय ज्ञान और सहयोगी डिजाइन के माध्यम से शक्तिशाली पारिस्थितिक डेटासेट बना सकते हैं। वहीं वरिष्ठ पक्षी विशेषज्ञ डॉ. आकाश गुलालिया ने कहा कि एटलस न केवल बर्डस्ट की शुरुआत को ट्रैक करता है, बल्कि यह भी बताता है कि हम शहरी हरे स्थानों को कैसे समझते हैं। कार्यक्रम का समापन बर्ड काउंट इंडिया, दिल्ली वन विभाग, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया, वाइल्डलाइफ एसओएस और एशियन एडवेंचर्स सहित मुख्य स्वयंसेवकों, टीम लीड और भागीदारों के सम्मान के साथ हुआ। जिसमें दूसरे वर्ष में और अधिक स्वयंसेवकों को शामिल करने का वादा किया गया।

### खुले दरबार में खेल मंत्री को बताकर दिलाई राहत

## मंत्री नागर ने बैडमिंटन खिलाड़ी सिद्धार्थ को दिलाया उसका हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



बैडमिंटन खिलाड़ी सिद्धार्थ ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीतने के बाद भी कैश प्राइज न मिलने की शिकायत मंत्री राजेश नागर से की, जिसके बाद मंत्री राजेश नागर ने सारा मामला खेल मंत्री गौरव गौतम को बताया। गौरव गौतम ने खिलाड़ी सिद्धार्थ को सोमवार चण्डीगढ़ आने के लिए कहा। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि सिद्धार्थ को सरकार की योजना के तहत नकद पुरस्कार दिया जाएगा और सरकार अपने होनहार खिलाड़ी की हर संभव मदद करेगी। सिद्धार्थ ने मंत्री राजेश नागर को बताया कि उसके पास खेल की नई किट खरीदने के लिए भी पैसे नहीं हैं। यदि उसे नई किट मिल जाए तो वह और अच्छे नतीजे ला सकता है। इस पर नागर ने उसे नई किट के लिए अपने कोष से व्यवस्था बनाने की बात कही। सिद्धार्थ स्पेशल ओलंपिक के भारत चैप्टर का राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता है और अपने परिजनों के साथ ग्रेटर फरीदाबाद के बीपीटीपी में रहता है। मंत्री राजेश नागर रविवार को अपने भतोला निवास पर आयोजित खुले दरबार में अपने परिवार जनों की समस्याओं का समाधान कर रहे थे। उन्होंने अन्य समस्याओं के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर लोगों को राहत देने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि यह नरेंद्र मोदी और नायब सिंह सैनी की सरकार हैं जिसमें जनहितैषी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि आप अपनी समस्याओं के लिए निसंकोच मेरे निवास पर आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 80 दिन पहले हत्या किडनैपर्स भेजते रहे खत

**आगरा।** यहां 30 अप्रैल को आठ साल के मासूम अभय का अपहरण कर लिया गया था। अभय की उसी



दिन हत्या कर दी गई थी। मासूम की हत्या के बाद तीन खत परिवार को भेजे। इन खतों में अपहरणकर्ताओं ने 80 लाख रुपए की फिरौती मांगी और लिखा कि पैसों का इंतजाम हो जाए तो घर रोड पर हरी झंडी लगा देना। आगरा पुलिस ने अपहत बालक का सड़ा-गला शव मनिया (राजस्थान) से बरामद किया।

### कांग्रेस की मीटिंग में बड़े नेताओं के सामने मारपीट

**गोरखपुर।** कांग्रेस की जोनल समीक्षा बैठक के दौरान अफरा-तफरी मच गई। पार्टी से निष्कासित



पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी व गोला ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी ने खुद पर हमला किए जाने का आरोप लगाया। यह सब कुछ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के सामने हुआ।

### छांगुर के सहयोगी बाबू को एटीएस ने दबोचा

**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के सहयोगी न्यायालय में सीजेएम कोर्ट



में पेशकार रहे राजेश उपाध्याय को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि राजेश छांगुर के इशारे पर कोर्ट में केस मैनेज करता था तथा छांगुर के विरोधियों को फंसाने के एफआईआर के आदेश कोर्ट से जारी करवाने में मदद करता था।

---

**आगरा धर्मांतरण केस सीएम का आभार माना**

# गिरोह से मुक्त हुईं सगी बहनों के पिता ने खोले चौंकाने वाले राज

*पिता ने बताया कि मामले की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई। बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी। वहां उसके साथ जम्मू कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थीं। इनमें से एक युवती ने बेटी को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया। उस युवती ने बेटी की मां से भी फोन पर बात की।*

एजेंसी ▶▶ आगरा

धर्मांतरण गिरोह से मुक्त हुईं सगी बहनों के पिता रविवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी पुलिस का धन्यवाद जताया। साथ ही धर्मांतरण गैंग के तरीकों पर भी चौंकाने वाले खुलासे किए।

कोचिंग में कश्मीर की युवती ने बेटी को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया। पिता ने बताया कि मामले की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई। बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी। वहां उसके साथ जम्मू कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थीं। इनमें से एक युवती ने बेटी को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया। उस युवती ने बेटी की मां से भी फोन पर बात की। पिता ने बताया कि इस दौरान युवती की मंशा थी कि ब्रेनवॉश कर पूरे परिवार का ही धर्मांतरण करा दिया जाए।

कश्मीर की युवती ने बेटी को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया

मंशा थी पूरे परिवार का ही धर्मांतरण करा दिया जाए



**यूपी पुलिस की भी प्रशंसा की**

*पिता ने बताया कि धर्मांतरण गिरोह के लोग टारगेट चुनते हैं। इसके बाद इंतजार करते हैं। नाबालिग की जगह बालिग को निशाने पर रखते हैं। इसके लिए गैंग को एक-दो साल का इंतजार करना पड़े तो करते हैं। जैसे ही 18 वर्ष की उम्र पूरी करते हैं, उस टारगेट पर गिरोह के सदस्य काम करना शुरू कर देते हैं। ब्रेन वॉश कर धर्मांतरण की कोशिश शुरू कर देते हैं। पिता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने समय रहते बेटियों को मुक्त कराने के लिए यूपी पुलिस की भी प्रशंसा की।*

**2020 में साइमा से हुई थी दोस्ती**

पुलिस के अनुसार सदर बाजार स्थित पंजाबी परिवार की बड़ी बेटी एमफिल पास है। वर्ष 2020 में उसकी पहचान जम्मू कश्मीर के उधमपुर निवासी साइमा उर्फ खुशबू से हुई थी। दोनों में दोस्ती हो गई। साइमा आगरा के लाइफ साइंस से पढ़ाई कर रही थी। वर्ष 2021 में साइमा अपने साथ बड़ी बहन को जम्मू कश्मीर ले गई थी। अचानक लैंड स्लाइड हो गया था। उनकी गाड़ी फंस गईं। किसी तरह उन्हें निकाला गया।

---

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ में बोले**

# कांवड़ यात्रा के दौरान उपद्रवियों से सतर्क रहें और इनकी पहचान कर पुलिस को सूचना दें

एजेंसी ▶▶ मेरठ

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मेरठ पहुंचे और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। सीएम ने साफ कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंग मचाने वाले और तोड़फोड़ करने वालों का बख्शा नहीं जाएगा। सीसीटीवी के माध्यम से उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने का किसी को हक नहीं है। सीएम योगी इन घटनाओं को लेकर बेहद सख्त नजर आए और कहा कि सभी घटनाओं के सीसीटीवी हैं जिन्होंने भी कांवड़ यात्रा को बदनाम करने का प्रयास किया है। जो भी उपद्रवियों के भेष में छिपे हैं वो सब बेनकाब होंगे।

**हेलीकॉप्टर से लिया व्यवस्थाओं का जायजा** | **सीसीटीवी निगरानी और पोस्टर से होगी उपद्रवियों की पहचान**

**कांवड़ को खंडित व श्रद्धा से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटें**



मुख्यमंत्री योगी ने आगाह करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में उत्साह और उमंग है। श्रद्धा और भक्ति है। वहीं इस उत्साह और श्रद्धा को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया के साथ अन्य माध्यमों से इस धार्मिक यात्रा को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लोगों को अपने बीच में न घुसने दें। कांवड़ को खंडित करने और श्रद्धा से जो खिलवाड़ करता है। खुद कानून हाथ में न लें बल्कि उनके बारे में प्रशासन को सूचना दें।

**शिव भक्त स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़े**

*मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा के दौरान जहां कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। वहीं लोगों को उनकी जिम्मेदारी का भी अहसास कराया। सीएम योगी ने कहा कि शिव लोकमंगल के देवता हैं। वो आदिदेव महादेव हैं। पुलिस प्रशासन ने तो बेहतर व्यवस्थाएं की हैं लेकिन हमें भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें दूसरों की परेशानी समझनी होगी। सफाई कर्मचारी तो अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं लेकिन हमें भी अपना दायित्व समझना होगा। चौराहों और उनके पास गंदगी न फैलाएं इसलिए शिव भक्त स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़े।*

**राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी को ही नहीं पहचान पाई पुलिस, रोकने पर भड़क गए**

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी प्रशासनिक चूक सामने आई। सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस ने न सिर्फ आम नागरिकों को रोका, बल्कि भाजपा के कद्दावर नेताओं को भी पहचानने में विफल रही। पुलिस राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी को नहीं पहचान पाई, जिससे कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर के लिए हंगामे जैसे हालात बन गए। कार्यक्रम स्थल के मुख्य मार्ग पर पुलिस द्वारा की गई बैरिकेडिंग के चलते कई स्थानीय नेताओं को भी रोका गया। इसी दौरान भाजपा के फायरब्रांड नेता और सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम की गाड़ी को भी रोक लिया गया। उन्होंने अपना परिचय देने के बाद भी जब पुलिस नहीं मानी, तो वे नाराज हो गए। मामला इतना बढ़ गया कि एसपी ट्रैफिक और एडीएम सिटी को स्वयं हस्तक्षेप करना पड़ा।*

**सीएम योगी ने 11 मिनट तक बरसाए फूल**

सीएम योगी ने देहरादून दिल्ली हाईवे पर दुल्हेदा चौकी के सामने कावड़ियों पर करीब 11 मिनट तक फूलों कि वर्षा की. योगी के साथ अन्य नेता भी मौजूद रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि शिव लोकमंगल के देवता हैं। यह कृपा इस समय सभी शिव भक्तों पर बरस रही हैं। इस यात्रा से करोड़ों लोगों की भावना जुड़ी हैं।

---

**महागठबंधन व एनडीए की बढ़ेगी मुश्किलें**

## एनसीपी ने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान



एजेंसी ▶▶ बिहारशरीफ

रविवार को रामचन्द्रपुर स्थित एक होटल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने बैठक की।वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर अपने प्रत्याशी को उतारेंगे। उक्त बातें एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सूर्याकांत कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों के समक्ष कही।उन्होंने कहा कि 2025 के विधान सभा चुनाव में एनसीपी का कोई गठबंधन नहीं है और हमारी पार्टी नालंदा की सभी सातों सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने कहा कि नालंदा की सभी सात सीटों पर प्रत्याशी पूरे दम खम से लड़ेंगे तथा हरनौत को छोड़कर सभी सीटों पर विजयी होंगे। इस अवसर पर सूर्याकांत कुमार प्रदेश अध्यक्ष, मनोज कुमार सिन्हा प्रदेश महासचिव, जितेंद्र कुमार शुक्ला प्रदेश सचिव सह नालंदा प्रभारी, पप्पू कुमार, सरिता कुमारी, आरती कुमारी, मधू कुमारी, रामदेव पासवान आदि लोग शामिल थे।

## जनसुराज के पोस्टर वाली गाड़ी से शराब मिलने पर भाजपा हमलावर

एजेंसी ▶▶ रोहतास

जिले के काराकाट थाना इलाके में जनसुराज के पोस्टर वाली गाड़ी से शराब की बोतलें मिलने पर सियासत तेज हो गई है। इस मामले पर भाजपा ने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी पर हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि रोहतास जिले में ट्रक और जनसुराज की बोलेरो की टक्कर हुई है। इस बोलेरो से पार्टी का बैनर पोस्टर ले जाया जा रहा था। इसमें बड़ी मात्रा में शराब भी बरामद हुई हैं। उन्होंने कहा कि जनसुराज बिहार को बदलने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ कानून की धज्जियां उड़ाते हुए उसके द्वारा शराब के धंधे किए जा रहे हैं। उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा है कि जनसुराज की सभी गाड़ियों की जांच करने की आवश्यकता है।

---

## आठ वर्षीय कशिश को मिला मां का घर, जनता दर्शन में मामला आने पर जिलाधिकारी ने दिखाई तत्परता

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कई स्थानों पर भटकने के बाद जनता दर्शन में जिलाधिकारी के सामने पहुंची किदवईनगर बगाही निवासी आठ वर्षीय कशिश को उसकी मां का घर मिल जाएगा। उसकी दिवंगत मां का मकान उसके नाम दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं कशिश की देखभाल का अधिकार भी उसके नाना को मिल गया है।

दरअसल कशिश की मां का निधन कुछ समय पहले हो गया था। बाद में पिता ने दूसरी शादी कर कशिश को अपनाने से इन्कार कर दिया। इस पर कशिश की जिम्मेदारी उसके नाना चंद्रभान पांडेय पर आ गई। नाना की इच्छा थी कि 2019 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केडीए से बेटी को मिला मकान उनकी नातिन के नाम आ जाए। डीएम ने मामले में जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि इसकी जानकारी बाल कल्याण समिति को दी जाए। वहां से किशोर न्याय अधिनियम के तहत कशिश के नाना चंद्रभान पांडेय को उसका विधिक संरक्षक घोषित किया गया। प्रशासन की ओर से बताया गया कि अब केडीए की ओर से नामांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक माह में कशिश को अपनी मां का घर मिल जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि बालिका को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा जाए जिससे उसे 18 वर्ष तक 2500 रुपये प्रतिमाह की सहायता मिलती रहे। साथ ही उसका नाम समीप के स्कूल में दर्ज कराने के आदेश भी दिए गए हैं।

---

**योगी सरकार देनी जा रही बड़ी राहत**

## यूपी में औद्योगिक संपत्तियां भी मात्र 5000 रुपए में होंगी ट्रांसफर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



यूपी की योगी सरकार प्रदेश में औद्योगिक घरानों को बसाए रखने के लिए उन्हें बड़ी राहत देने जा रही है। पैतृक संपत्तियों के बंटवारे में औद्योगिक संपत्तियों को भी शामिल करने का सुझाव उच्च स्तर से दिया गया है। ऐसी संपत्तियों को परिवारों में ट्रांसफर करने पर 5000 रुपए का स्टांप शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। उच्च स्तर से दिए गए सुझाव के आधार पर कैबिनेट प्रस्ताव में संशोधन किया जा रहा है।

प्रदेश में पैतृक संपत्तियों के बंटवारे के लिए अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इसे हस्तांतरण करने के लिए सामान्य रजिस्ट्रियों की तरह इसके लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने इस संबंध में कैबिनेट प्रस्ताव तैयार कराते हुए भेजा था। इसमें पैतृक संपत्तियों को सिर्फ 5000 रुपए के स्टांप पर हस्तांतरित किया जाना था, लेकिन उच्च स्तर से इसे वापस करते हुए कहा गया है कि इसमें और संशोधन की जरूरत है। बताया जा रहा है कि इसमें औद्योगिक और संस्थागत संपत्तियों को भी शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

प्रदेश में काफी संख्या में औद्योगिक संपत्तियां पड़ी हुई हैं। कुछ पर उद्योग बंद भी हो चुके हैं। यह संपत्तियां परिवारों में बंट नहीं पा रही हैं। इनके बंटवारे पर अभी काफी मोटा स्टांप देना पड़ रहा है। इसीलिए इनका बंटवारा न होने की वजह से इन पर आए दिन कब्जे की शिकायतें आ रही हैं। उच्च स्तर पर काफी संख्या में ऐसी शिकायतें आ चुकी हैं।

---

**झारखंड में मिला हथियारों का जखीरा**

## इंसास रायफल और एसएलआर के साथ 20 कारतूस भी बरामद

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। यहां के माओवादी प्रभावित बिरहोड़ेरा जंगल में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया।

इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि यह अभियान हाल में क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद शुरू की गई तलाशी प्रक्रिया का हिस्सा था।

एसपी के अनुसार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिला सशस्त्र पुलिस द्वारा



चलाए गए अभियान के दौरान एक राइफल (एसएलआर), 20 कारतूस, एक इंसास राइफल की मैगजीन, एक एसएलआर मैगजीन, कोडेक्स वायर के दो बंडल और एक डेटोनेटर बरामद किया गया।

गोमिया थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बिरहोड़ेरा जंगल में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गये थे और सीआरपीएफ एक जवान शहीद हो गया था।

---

## पेज एक का शेष

### शुभमन गिल...

टेस्ट सीरीज में किसी एशियाई बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन के रिकार्ड को तोड़ने के करीब हैं। इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में एशियाई बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के मोहम्मद यूसुफ के नाम है।

### टाटा संस ने पीड़ितों...

संकट को कम करने में मददगार होगाः कंपनी ने कहा कि ट्रस्ट दुर्घटना के बाद अमूल्य संस्थागत सहायता और सेवा प्रदान करने वाले फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स, मेडिकल और आपदा राहत पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को हुए किसी भी आघात या संकट को कम करने के लिए सहायता भी प्रदान करेगा।

### सरकार ऑपरेशन सिंदूर...

होनी चाहिए। हम खुले दिल से चर्चा के लिए तैयार हैं। हम नियमों और परंपराओं के अनुसार काम करते हैं और इनका बहुत महत्व रखते हैं। इसलिए हम हर मुद्दे पर चर्चा करेंगे लेकिन नियमों और परंपराओं के अनुसार। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी राय रखी। एनडीए, यूपीए और उनके बीच के दलों ने अपनी राय रखी है। हम इन सभी मुद्दों को संसद में ले जाएंगे, क्या चर्चा करनी है और क्या नहीं, इसका फैसला बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि छोटे राजनीतिक दलों, खासकर जिनके 1-2 सांसद हैं, को बोलने के लिए कम समय मिलता है क्योंकि समय उनकी संख्या के अनुसार आवंटित किया जाता है। लेकिन हमने इसका संज्ञान लिया है। हम छोटे दलों को पर्याप्त समय आवंटित करने पर सहमत हुए हैं। हम इसे लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे और फिर हम इस मुद्दे को कार्य मंत्रणा समिति में उठाएंगे।

### पक्ष और विपक्ष...

'वोटबंदी' करार दिया है। तृणमूल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के जरिए वास्तविक मतदाताओं को सूची से हटाया जा रहा है, जिससे भाजपा को चुनावी लाभ मिल सकता है। तेजस्वी यादव ने कहा, चुनाव आयोग हमारी बात नहीं सुन रहा। बिहार में चार करोड़ मतदाता इससे प्रभावित हो रहे हैं। विपक्ष ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर इसके खिलाफ प्रदर्शन की योजना बनाई है।

**विदेश नीति की विफलताएं:** विपक्ष ने सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए, खासकर चीन के साथ सीमा तनाव, पड़ोसी देशों से बिगड़ते रिश्ते और गाजा में चल रहे संघर्ष पर भारत के रुख को लेकर। जयराम रमेश ने सरकार की 'नैतिक कायरता' की आलोचना की और कहा कि इन मुद्दों पर सरकार की चुप्पी अस्वीकार्य है।

**जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और मणिपुर:** विपक्ष ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने, लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और मणिपुर में अशांति पर चर्चा की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग की है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, मणिपुर की स्थिति गंभीर है, लेकिन प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। विपक्ष की एकजुटता और रणनीतिइंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, राजद के तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जैसे प्रमुख नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्षी एकता पर जोर दिया गया। राहुल गांधी ने कहा, विपक्षी बिखराव का फायदा सत्तापक्ष उठा सकता है। हमें एकजुट रहना होगा। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने गठबंधन से दूरी बना ली है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि वे एसआईआर, ट्रंप के दावों और अन्य मुद्दों को स्वतंत्र रूप से उठाएंगे।

### एआई से फैसला...

गोपनीयता के उल्लंघन, डेटा सुरक्षा जोखिम और न्यायिक प्रणाली में विश्वास की कमी जैसे गंभीर परिणाम ला सकता है। इस नीति का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है। यह गाइडलाइन राज्य की जिला न्यायपालिका, उनके स्टाफ, और उनके साथ कार्यरत इंटर्न या लॉ क्लर्क्स पर भी लागू होगी।

### दावा-अगवा कर ...

करना उचित पाया गया है। राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की अध्यक्षता में एक एसआईटी गठित करने का आग्रह किया था, ताकि पिछले 20 वर्षों में धर्मस्थल क्षेत्र में लापता महिलाओं और छात्राओं, अप्राकृतिक मृत्यु, हत्या और बलात्कार के मामलों की व्यापक और निष्पक्ष जांच की जा सके। 14 जुलाई को लिखे पत्र में आयोग ने 12 जुलाई की मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया, जिसमें एक परिवार का बयान शामिल था, जिसकी बेटी लापता हो गई थी, तथा एक दिहाड़ी मजदूर द्वारा अदालत में दिया गया बयान भी शामिल था, जिसने दावा किया था कि उसने व्यक्तिगत रूप से धर्मस्थल और उसके आसपास 100 से अधिक शवों को दफनाया था।

### घर में मिले दंपती...

को शक है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। शुरुआती जांच में लग रहा है कि परिवार ने जहर खाकर जान दी है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके। अहमदाबाद (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया कि पुलिस को रात करीब 2 बजे इस बारे में सूचना मिली। मरने वालों की पहचान विपुल वाघेला (32), उनकी पत्नी सोनल (26), और उनके बच्चे करीना (11), मयूर (8) और राजकुमारी (5) के रूप में हुई है। विपुल ऑटो-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

---

**स्कूल में करंट से बच्चे की मौत के बाद बिजली निगम का बड़ा फैसला**

## स्कूल-कॉलेजों के परिसर से हटेंगे खतरनाक बिजली तार व ट्रांसफार्मर, 2 सदस्यीय कमेटी भी बनाई

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

यहां झंगहा क्षेत्र के रामपुरा गांव के रहने वाले पांचवी कक्षा के छात्र अंकित की गुरुवार को स्कूल परिसर में करंट लगने से मौत हो गई थी। गुस्साए गांववालों ने स्कूल को घेरकर शिक्षकों को दो घंटे तक बंधक बना लिया था। शुक्रवार की शाम को एसडीओ पंकज कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ जांच करने प्राथमिक विद्यालय पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि इंसुलेटर लगे होने से स्टेक के सहारे बिजली के नीचे उतरने की संभावना नहीं रहती है।

इसके बाद से बिजली विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने से मौत का दावा करना शुरू कर दिया था लेकिन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हो गया है कि अंकित की मौत आकाशीय बिजली से नहीं बल्कि करंट से ही हुई थी। बच्चे के पंजे के पास करंट पकड़ा और एड़ी से निकला था। इसके बाद भी बिजली विभाग ने अपने स्तर से इस मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी की रिपोर्ट सोमवार तक आने की उम्मीद है। दो दिन पहले इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि प्रदेश के स्कूल-कॉलेजों के परिसर से खतरनाक बिजली तार और ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया जाएगा जिससे फिर कहीं कोई हादसा न हो। इसके लिए 193.70 लाख रुपए गोरखपुर जिले को मिले



**विभाग ने दी पांच लाख की आर्थिक सहायता**

झंगहा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामपुरा में पांचवी के छात्र अंकित की मौत हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिक शॉक से होने की पुष्टि के बाद बिजली विभाग ने छात्र की मां निर्मला के बैंक एकाउंट में 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि भेज दी है।

**बिजली निगम ने परिजनों से की मुलाकात**


अंकित की मौत मामले में शनिवार को बिजली विभाग की सेफ्टी टीम ने मौके की जांच की और अंकित के परिवारीजनों से भी मुलाकात की। सेफ्टी टीम में अधिशासी अभियंता के साथ ही एसडीओ पंकज कुमार गुप्ता,विद्युत परीक्षण जेई आदि मौके पर पहुंचे । टीम ने पीड़ित परिवार से बैंक एकाउंट का डिटेल लिया।



# हमारे राम में रावण बने आशुतोष राणा

**मुंबई।** आशुतोष राणा बॉलीवुड में कई किरदार निभाने के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्मों में उन्होंने सबसे ज्यादा नेगेटिव गिरदार निभाए हैं। अनुभवी अभिनेता इन दिनों नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभाकर मंच पर सबका दिल जीत रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, राणा ने बताया कि यह नाटक मनोरंजन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका और उसके महत्व के बारे में बात की है। आशुतोष राणा ने कहा 'अगर हम अपनी जिंदगी में भगवान राम की इस कहानी को अपनाते हैं, तो जिंदगी की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

लाइफ Style



# उर्फी

## पैपराजी से चेहरा छिपाती आईं नजर

उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।' उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार' आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।

## हॉलीवुड मसाला



# जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर' के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



# वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

नई दिल्ली। कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

## तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी... टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हूं, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।

# छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को



देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।

# नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।

**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार



1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।

**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।

## पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

# डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनीं हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

### नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन'फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

### अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

### मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

### हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

### तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।

## नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत के स्वागत में संस्कारधानी के कार्यकर्ताओं ने की पुष्पवर्षा

# खंडेलवाल ने कहा, जनता और सरकार के बीच कड़ी बनकर समाज में आदर्श स्थापित करें भाजपा कार्यकर्ता




हरिभूमि ▶▶ जबलपुर

भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच कड़ी बनकर, जन सामान्य के हित के लिए कार्य करें और समाज में आदर्श स्थापित करें। आप देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मिलकर विकसित भारत और विकसित मप्र के संकल्प को पूरा करने के लिए साथ आए और अपने हिस्से का योगदान दें। यह बातें नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्वागत करने के उमड़े जबलपुर के कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कही। खंडेलवाल के प्रथम जबलपुर आगमन पर जबलपुर के कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। उनके साथ प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द का भी आगमन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर भाजपा जबलपुर महानगर एवं ग्रामीण द्वारा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, प्रदेश महामंत्री जबलपुर संभाग प्रभारी सांसद कविता पाटीदार, सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे आदि मौजूद रहे।

### 10 किमी के रैली मार्ग में 100 से अधिक मंचों से पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**प्रधानमंत्री मोदी व सीएम डॉ. यादव के साथ मिलकर विकसित भारत और विकसित मप्र के संकल्प को पूरा करने के लिए साथ आएं कार्यकर्ताः खंडेलवाल**



**नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर दी पुष्पांजलि**

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का काफिला धनवंतरि नगर चौराहे से होकर पिसनहारी की मढिया पंहुचा, जहां प्रदेश अध्यक्ष ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की और सभी जनप्रतिनिधियों के साथ रथ में सवार हुए। यहां से भव्य स्वागत रैली के साथ त्रिपुरी चौक, सुपाताल, शारदा चौक, एलआईसी, मदनमहल चौक, नागपाल गार्डन, आध शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक से शास्त्री ब्रिज, तीन पत्ती चौक होते हुए मानस भवन पहुंचे. जहां खंडेलवाल कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

**खंडेलवाल का व्यापारी, सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत**

*पश्चिम विधानसभा में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में सभी 18 वार्डों, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, भाजपा विधि प्रकोष्ठ, वैष्णो देवी यात्रा समिति, जबलपुर विप्र संघ, पंजाबी महासंघ, सिख समाज साहू समाज, पाटीदार समाज, मदनमहल व्यापारी संघ, टिम्बर मर्चेंट एसोसिएशन एवं उत्तर विधानसभा में सभी वार्डो के साथ किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, खंडेलवाल समाज के साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओ ने लगभग 100 से अधिक मंचों से स्वागत किया.*



**इन्होंने किया स्वागत**

*प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आगमन पर पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व अध्यक्ष प्रभात साहू, जीएस ठाकुर, सुभाष रानू तिवारी, ड. ॉजितेंद्र जामदार, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, एसके मुद्दीन, संदीप जैन, महामंत्री पंकज दुबे, राजेश दहिया, रजनीश यादव, राजेश राय राममूर्ति मिश्रा, अरविन्द पाठक, शरद अग्रवाल, के साथ समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।*

---

## खबर संक्षेप

### चार दर्जन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 2 करोड़ से अधिक स्वीकृत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले के 48 प्राचीन और जनआस्था से जुड़े मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 2 करोड़ 3 लाख 59 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई है। इससे जशपुर जिले की धार्मिक पहचान को सहेजने के साथ-साथ क्षेत्रीय पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार मंदिरों के विकास, संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जशपुर की पावन धरती सदैव से श्रद्धा, संस्कृति और आस्था का केंद्र रही है। इन मंदिरों का जीर्णोद्धार केवल संरचना का नवीनीकरण नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और आत्मिक ऊर्जा का पुनर्जागरण है। मेरा संकल्प है कि हर ग्राम का धार्मिक स्थल सुव्यवस्थित हो, जिससे वहां न केवल भक्ति का वातावरण बने बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिले।

### आबकारी विभाग ने की छापामार कार्रवाई, बड़ी मात्रा में शराब जब्त

**रायपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर कुल 23.800 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के मुताबिक धर-पकड़ अभियान के तहत चार प्रकरणों में कार्रवाई की गई। इसमें 15.300 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब एवं 8.500 बल्क लीटर हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। टीम द्वारा थाना गेंदाटोला के ग्राम हैदलकुड़ो तालाब पचरी से युगल किशोर साहू के कब्जे से 50 पाव देशी शराब जब्त की गई। वहीं थाना जोब क्षेत्र के ग्राम मरकाकसा में रामचन्द्र हिचाने के मकान से 4 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त थाना डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम बदराटोला में देवेन्द्र साहू के पास से 35 पाव देशी शराब तथा ग्राम तलवारटोला में दिलीप दुग्गा से 4.500 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बार्सिलोना में देखा पर्यटन, संस्कृति और नवाचार का संगम

**बार्सिलोना के तीन प्रमुख स्थल पार्क गुएल, सागरदा फैमिलिया और पिकासो संग्रहालय का किया भ्रमण**

# मध्य प्रदेश में बार्सिलोना की तरह विकसित किए जाएंगे थीम बेस्ड पार्क

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन प्रवास के अंतिम दिन 19 जुलाई को बार्सिलोना में कला, संस्कृति और स्थापत्य की विश्वप्रसिद्ध धरोहरों का भ्रमण किया।

उन्होंने बार्सिलोना के तीन प्रमुख स्थलों पार्क गुएल, सागरदा फैमिलिया और पिकासो संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने इन स्थलों में दर्शाई गई रचनात्मकता, स्थापत्य सौंदर्य और सांस्कृतिक संरक्षण के उदाहरणों को मध्यप्रदेश के विकास संदर्भ में गहराई से देखा और समझा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी इस प्रकार की थीम आधारित कलात्मकता और पारंपरिक कला से सुसज्जित पार्क विकसित किए जा सकते हैं।

**स्थलों को हरित विकास और सांस्कृतिक सार्वजनिक स्थलों के विकास की दृष्टि से प्रेरणास्पद बताया**

***कला** शिक्षा-रोजगार और पर्यटन विकास का प्रभावी उपकरण*



**पार्क गुएल से हुई भ्रमण की शुरुआत**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव के भ्रमण की शुरुआत प्रसिद्ध पार्क गुएल से हुई, जिसे प्रकृति और वास्तुकला के विलक्षण समन्वय का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने विश्वविख्यात वास्तुकार अंटोनियो गौदी द्वारा डिजाइन किए गए इस यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल को विशेष रुचि से देखा। उन्होंने प्राकृतिक आकृतियों, रंगीन मोजाइक से सजे 'ड्रैगन स्टेयर', 86 स्तंभों वाले 'हाइपोस्टाइल हॉल' और 'सर्पेन्टाइन बेंच' जैसे स्थलों को शहरी सौंदर्यीकरण, हरित विकास और सांस्कृतिक सार्वजनिक स्थलों के विकास की दृष्टि से प्रेरणास्पद बताया।*

**साग्रादा फमिलिया का भ्रमण किया**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साग्रादा फमिलिया का भ्रमण किया। सागरदा फैमिलिया यूरोप के सबसे भव्य ऐतिहासिक गिरजाघर जो 140 वर्षों से निर्माणाधीन है और विश्वभर में सांस्कृतिक आस्था और वास्तु नवाचार का प्रतीक है। डॉ. यादव ने प्रसिद्ध वास्तुकार अंटोनिया गौदी की इस सबसे महत्त्वाकांक्षी परियोजना में धार्मिक स्थापत्य की गहराई, जैविक आकारों का प्रयोग और प्रतीकात्मक कला को विशेष रूप से रेखांकित किया। यहां उन्होंने आध्यात्म, विज्ञान और प्रकृति का अनोखा संगम देखा। उन्होंने कहा कि उज्जैन, ओंकारेश्वर, चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों के उन्नयन में दीर्घकालिक दृष्टि, लोक सहभागिता और वैश्विक डिजाइन समन्वय का दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।*

**मप्र को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही दुबई-स्पेन यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज के चुनौतीपूर्ण समय में विश्व भर के लोग व्यापारिक अवसरों और भारतीय उत्पादों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। दुबई-स्पेन यात्रा मध्यप्रदेश को वैश्विक मंच पर एक आकर्षक निवेश और पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी दुबई और स्पेन यात्रा के अंतिम चरण में राज्य की प्रगति और रोजगार सृजन के लिए किए जा रहे व्यापक प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य मप्र से जुड़े भारतीय समुदाय के साथ मिलकर राज्य के विकास के लिए नए अवसरों की खोज करना था, जिससे रोजगार सृजित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान हमने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों और भारतीय रेस्टोरेंट्स का भ्रमण भी किया। इस दौरान यह देखने को मिला कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के नागरिकों ने विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

**कला, अभिव्यक्ति का जीवंत उदाहरण पिकासो संग्रहालय**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बार्सिलोना यात्रा के अंतिम दिन पिकासो संग्रहालय का अवलोकन भी किया। पाब्लो पिकासो की रचनाओं से समृद्ध यह संग्रहालय कला, नवाचार और अभिव्यक्ति का जीवंत उदाहरण है। डॉ. यादव ने यहां प्रदर्शित 'लॉस मेनिनास' जैसी श्रृंखलाओं, क्यूबिज्म आंदोलन और म्यूजियम की इंटरेक्टिव गैलरीज को देखा। उन्होंने मध्यप्रदेश की पारंपरिक कलाओं गोंड, फड़, मांडना आदि को डिजिटल प्लेटफॉर्म और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाने की योजना को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि कला न केवल पहचान का माध्यम है, बल्कि शिक्षा, रोजगार और पर्यटन विकास का प्रभावी उपकरण भी है।*

**दीर्घकालिक, संरचित कार्ययोजना पर करेंगे काम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन स्थलों से प्रेरणा लेकर राज्य में कला, स्थापत्य, धार्मिक पर्यटन और शहरी नवाचार से जुड़े क्षेत्रों में दीर्घकालिक और संरचित कार्ययोजना पर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास में कला, संस्कृति और धरोहर संरक्षण की अहम भूमिका है, और इन वैश्विक उदाहरणों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

---

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन में काबिलियत की नहीं कोटा सिस्टम की आवश्यकता : अग्रवाल

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस में जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष चयन, काबिलियत की नहीं, कोटा सिस्टम की आवश्यकता है। अगर कोई व्यक्ति कोटा में फिट बैठे, तभी मिलेगी जिलाध्यक्ष की कुर्सी! यहां तो नेता-तंत्र ही चलेगा!



### नकारात्मक विचार छोड़ने, रिश्तों में सुधार करने का लिया निर्णय

**भोपाल।** आनंद विभाग की ओर से तीन दिवसीय 'आनंदम सहयोगी' प्रशिक्षण कार्यशाला का वाल्मी में आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने नकारात्मक विचार छोड़ने तथा व्यवहार से रिश्तों में सुधार करने का निर्णय लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि सगे-संबंधियों को भी कार्यशाला से जुड़ने का अवसर मिले, जिससे कि उनके जीवन में आनंद का प्रसार हो। राज्य आनंद संस्थान की ओर से 'खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

### केंद्रीय खाद्य मंत्री जोशी से मिले मंत्री राजपूत

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को दिए जा रहे खाद्यान्न में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाने की मांग मप्र ने केंद्र सरकार से की है।

मप्र में चावल की जगह गेहूं का उपयोग बहुतायत में होता है। समय -समय पर यह देखने में आता है कि कुछ व्यापारी हितग्राहियों को प्रलोभन देकर उनसे कम दाम में चावल खरीद लेते है, जिससे बाजार में दुरूपयोग की घटनाएं सामने आती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मप्र में पात्र हितग्राहियों को दिए जाने वाले खाद्यान्न में गेहूं की मात्रा बढ़ाने को कहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से भेंट के दौरान मात्रा बढ़ाने का सुझाव दिया। केन्द्रीय मंत्री जोशी को मप्र में उपार्जन केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के संबंध में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। यह भी बताया कि प्रदेश में विकेन्द्रीयकृत उपार्जन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं में से सरप्लस मात्रा उपार्जन अवधि के पश्चात गोदामों से सी-मोड में भारतीय खाद्य निगम को प्रदान की जाती है।



### राहुल और खरगे वर्चुअल रूप से करेंगे संबोधित

## मांडू में कांग्रेस का दो दिवसीय नव संकल्प शिविर आज और कल होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार जिले के मांडू में आगामी 21 और 22 जुलाई को कांग्रेस नव संकल्प शिविर का आयोजन कर रही है। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायकों के साथ चिंतन करेंगे और अपने अपने अनुभव साझा करेंगे।

शिविर को वर्चुअली रूप से राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संबोधित कर विधायकों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएंगे। दरअसल इस शिविर के माध्यम से कांग्रेस अपने विधायकों को इस बार विधानसभा में सरकार से मुकाबले के लिए अलग तरीके से तैयार कर रही है। इसके लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि वे हर मुद्दे पर और ज्यादा मजबूती से सरकार की घेराबंदी कर सकें। शिविर में कुल 12 सत्र होंगे, जिनमें अलग-अलग विषय विशेषज्ञ विधायकों को उद्बोधन देंगे। विधायकों को कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा के अलावा आजादी के आंदोलन में पार्टी के योगदान से भी अवगत कराया जाएगा। विधायकों को आजादी के बाद की चुनौतियों से कांग्रेस किस तरह से जूझी, इस बात की भी जानकारी दी जाएगी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में बालाघाट मध्य प्रदेश में पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान पूरे देश में 14 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया गया है।

इस अभियान में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में बालाघाट जिला 81 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। बैतूल जिला 78 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं अनुपपुर जिला 77 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। बालाघाट में कलेक्टर मृणाल मीणा व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने इस कार्य को एक मिशन के रूप में किया है। बालाघाट जिले में 1 लाख 31 हजार 468 पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं। 16 जुलाई तक जिले में एक लाख 7 हजार 54 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर बालाघाट ने पहला स्थान पाया है। मप्र में 16 जुलाई तक 5 लाख 66 हजार 967 आयुष्मान कार्ड बनाए का लक्ष्य है। जिसमें से केवल बालाघाट जिले में एक लाख 7 हजार 54 कार्ड बनाए गए है। इस प्रकार देखा जाए तो प्रदेश में बने हर पांच आयुष्मान कार्ड में एक कार्ड बालाघाट जिले का बना है। इस उपलब्धि को हासिल करने में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का विशेष योगदान रहा है।

---

### आईईडी ब्लास्ट के चलते नाबालिग गंभीर घायल अस्पताल में उपचाररत

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम कोण्डापडगु में आईईडी ब्लास्ट में 16 साल का एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बीते दिनों की बताई गई है, जब कृष्णा गोटा पिता फकीर निवासी कोण्डापडगु के जंगल में मवेशी चराने गया था। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से यहां आईईडी लगाया था। आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से कृष्णा को पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में उसे तत्काल जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जंगल या संवेदनशील इलाकों में भ्रमण करते समय विशेष सतर्कता बरतें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या सुरक्ष बलों के कैंपों को दें।


### पहली कोरबा-चांपा मार्ग पर तो दूसरी बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र में हुई घटना

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा कोरबा-चांपा मार्ग पर हुआ, जिसमें एक अधिवक्ता की मौत हो गई। वहीं, दूसरा हादसा बांकी मोंगरा थाना इलाके में हुआ।

यहां राखड़ से भरे वाहन ने एक शख्स को इतनी बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में उसका सिर धड़ से अलग हो गया। कोरबा-चांपा मार्ग पर ग्राम उरगा से करीब 200 मीटर आगे हुए एक सड़क हादसे में अधिवक्ता नरेंद्र जायसवाल की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर के ऊपर से वाहन का पहिया गुजर गया। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता नरेंद्र जायसवाल (57) उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम अंजोरीपाली भैसमा के निवासी थे। वह हर दिन अंजोरीपाली से जिला न्यायालय कोरबा आना-जाना किया करते थे। शनिवार को भी न्यायालय में कामकाज निपटा कर रात 10 बजे घर लौट रहे थे कि रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि मृतक अधिवक्ता बाइक पर सवार थे और तेज रफ्तार भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जहां उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद हड़कंप मच गया। राहगीरों ने इसकी सूचना 112 और उरगा थाना पुलिस को दी। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मर्द कायम कर जांच की जा रही है वही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की तलाश की जा रही है।



**राखड़ वाहन ने बाइक सवार को कुचला**

*वहीं, दूसरा हादसा बांकी मोंगरा थाना इलाके में हुआ। जहां शनिवार रात को एक राखड़ से भरे वाहन ने एक शख्स को इतनी बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में उसका सिर धड़ से अलग हो गया। हादसा बांकी मोंगरा के दो नंबर दफाई राखड़ डेम के पास हुआ। ग्राम रोहिना से पहले एक अज्ञात राखड़ वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बांकीमोंगरा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि राखड़ से भरी वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और उसने बाइक सवार को सामने से टक्कर मारी।*

**दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो की मौत**

*कोंडागांव जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उड़दिगांव में दो बाइक की आमने-सामने भिड़त हो गई। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई और लोग घायल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माकड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि उड़दिगांव पीड़ापाल मार्ग में दो बाइक की आमने-सामने भिड़त हो गई। इस घटना में दोनों बाइकों के चालकों की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया गया। वहीं, पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। हादसे की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।*

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस ने सह प्रभारी किए नियुक्त

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को और अधिक संगठित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस द्वारा सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। यह नियुक्ति ललित सेन, प्रभारी, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के मार्गदर्शन में की गई है, जिन सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, उसमें इरफान खान ग्वालियर, प्रोमिल मित्रा रीवा, आरिफा खान, नरसिंहपुर, निर्मला ऐंथनी भोपाल शामिल है। सह प्रभारियों का मुख्य दायित्व होगा कि वे ब्लॉक, बूथ और सेक्टर लेवल पर मतदाता सूची पुनरीक्षण, बीएलए की नियुक्ति, घर-घर जाकर सत्यापन जैसे कार्यों को समयबद्ध तरीके से संचालित करें। संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मानती है कि जब तक मतदाता सूची निष्पक्ष और त्रुटिरहित नहीं होगी, तब तक चुनाव निष्पक्ष नहीं माने जा सकते। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी ने यह महाअभियान शुरू किया है। हम हर गांव, हर वार्ड, हर मोहल्ले तक पहुंचकर सुनिश्चित करेंगे कि एक भी फर्जी नाम सूची में न रहे और एक भी पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं।

## चिंतन

# कामकाज का गवाह बने मानसून सत्र

आज से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है, यह सत्र काफी हंगामेदार होगा, लेकिन समूचा सत्र हंगामे की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष की सभी मांगों पर गौर करते हुए आश्वासन दिया है कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार अपने आश्वासन पर कायम रहेगी व बीच में विपक्ष कोई अनर्गल मांग नहीं करेगा तो करीब एक माह के इस सत्र में कामकाज शांतिपूर्ण तरीके से हो सकता है। यह सही है कि संसद चलाना सभी सांसदों व दलों की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार का रुख अधिक मायने रखता है कि वह विपक्षी दलों को कितना विश्वास में लेती है। इससे पहले संसद के शीत सत्र के दौरान वक्फ बिल को लेकर काफी हंगामा हुआ था। इस सत्र में विपक्ष के पास कई एजेंडे हैं, जिस पर वह बहस चाहता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जवाब चाहता है। इस दौरान अगर सत्ता पक्ष का अड़ियल रुख रहा तो, मानसूत्र में भी विपक्ष का हंगामा व नारेबाजी देखने को मिल सकती है। ऐसा हुआ तो यह सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ेगा। विपक्ष पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम के अनेक बार मध्यस्थता के दावे, भारत की विदेश नीति, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर संसद में बहस चाहता है। पहलगाम की आतंकी घटना व ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए 3 जून को 16 विपक्षी दलों ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग की थी, जिसे सरकार ने यह कर टाल दिया था कि चर्चा मानसून सत्र में ही होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ एक भी मुस्लिम देश समेत किसी देश का नैतिक रूप से साथ नहीं होने को विदेश नीति की विफलता कहकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा है कि इस सत्र में 17 विधेयक सरकार के एजेंडे में हैं। सत्र 21 से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा, पहले यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित था। सत्र का समय बढ़ने के पीछे माना जा रहा है कि बिहार चुनाव को देखते हुए सरकार का कोई सीक्रेट एजेंडा है। हालांकि 13 से 18 अगस्त के बीच कोई बैठक नहीं होगी। अंतिम चार दिनों सरकार कोई महत्वपूर्ण बिल ला सकती है। प्रधानमंत्री द्वारा संसद में विपक्ष के मुद्दों पर स्वयं जवाब देने की संभावना बहुत कम है। जब भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर चर्चा होगी, सरकार उचित जवाब देगी। राजग सहित कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से सरकार की विदेश पहुंच की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए चर्चा भी चाहते हैं। सरकार संसद में अपना विचार रखने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी मैदान में उतार सकती है। सरकार ने महीने भर चलने वाले सत्र के दौरान संसद के सुचारू संचालन में विपक्ष से सहयोग मांगा है। संसद को चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए, यह बहुत जरूरी है। सरकार का रुख लचीला हो और विपक्ष का मकसद संसद में केवल और केवल हंगामा न हो। सांसदों की कोशिश जनता के व्यय को अपव्यय करना न हो। संसद हंगामे का अखाड़ा बनने की बजाय कामकाज का राष्ट्रमंदिर बने। सत्र का साथर्कता ही देशहित में है। दलगत भावना से ऊपर उठकर सांसद अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझेंगे।



मानसून सत्र
प्रमोद भार्गव

**21 जुलाई से मानसून सत्र शुरू हो रहा है। यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।**

# अखाड़ा बनकर न रह जाए संसद

इक्कीस जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र को गर्माए रखने के लिए कांग्रेस समेत लगभग समूचे विपक्ष ने अपने-अपने हथियार भांज लिए हैं। गोया, यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। चुनाव आयोग की इस बड़े प्रयास पर समूचा विपक्ष बड़े राजनीतिक संग्राम की तैयारी में जुटा है। लोकसभा चुनाव की तरह एक बार फिर से इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के दल एकजुट होते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बैठक भी की है। इस हंगामे में मुख्य रूप से कांग्रेस, राजद और तृणमूल कांग्रेस कार्यस्थगन प्रस्ताव ला सकते हैं। अतएव आशंका है कि बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

सरकार ने इस सत्र में 8 नए विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किए हैं। इन विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर संशोधन विधेयक-2025, सार्वजनिक न्यास प्रणाली (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक-2025, पुरातत्व धरोहर स्थल और अवशेष (संरक्षण और देखरेख विधेयक-2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 एवं राष्ट्रीय डोपिंग (कचरा) रोधी संशोधन विधेयक-2025 शामिल हैं। इन विधेयकों पर सहमति बनाए जाने की चर्चा से पहले विपक्ष चाहेगा कि पहलगाम हमले में गुप्तचर तंत्र की नाकामी, सैन्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेशी हस्तक्षेप, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के दावों के बीच सेना के अभियान को अचानक क्यों रोका गया जैसे मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हो। विपक्ष की मंशा, मुद्दों की सच्चाई से कहीं ज्यादा सरकार को घेरना है। सत्तारुढ़ पक्ष इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे बताकर चर्चा से बचने की कोशिश कर सकता है ? इन बड़े मुद्दों के अलावा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के निवास में लगी आग के दौरान नकद राशि जलने के मामले में महाअभियोग लाने की पैरवी करने के साथ ओडिशा की छात्रा के साथ हुए अत्याचार जैसे मुद्दे भी सदन में गरमा सकते हैं। न्यायमूर्ती वर्मा के मामले में सरकार को उम्मीद है कि यदि वह इस मुद्दे पर महाअभियोग चलाने का प्रस्ताव लाती है तो उसे सभी दलों का समर्थन मिल सकता है। संभव है इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले वर्मा इस्तीफा दे दें। यदि नहीं देते हैं तो संसद में इस मुद्दे पर तीखी बहस संभव है। यदि बहस होती है तो न्यायाधीशों की मनमानी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी गहन विमर्श होना तय है।

कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मतदाता सूची को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। जबकि सत्तारुढ़ दल चुनाव आयोग की जानकारी के आधार पर विपक्ष के



आरोपों का जवाब देने की तैयारी कर रहा है। बावजूद तेलुगु देशम पार्टी द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर सवाल उठाए जाने से सरकार की चुनौतियां बढ़ी हुई हैं। इधर निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का ऐसा बयान आया है, जिसे सरकार अपनी ढाल बनाने का काम करेगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के प्रयास में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने में आई है। बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं में से महज 6.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अब तक विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फार्म नहीं भरे हैं। हालांकि राहुल गांधी, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव ने इस कवायद पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं, जिन पर संसद में बहस हो सकती है। दरअसल समूचा विपक्ष इसलिए चिंतित है, क्योंकि पहली बार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हुई है। यही वह समय है, जब राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा सरकारें घुसपैठियों को देश से विस्थापित करने के राष्ट्रहितैषी काम में लगी हैं। इस बाबत असम के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने ठीक ही कहा है कि असम जैसे राज्य में घुसपैठिए एक ही धर्म के लोग हैं, जो कांग्रेस समेत गैर भाजपा दलों को वोट करते हैं। इन घुसपैठियों को बाहर कर देने से ये दल हार के खतरे को अनुभव कर रहे हैं। जबकि घुसपैठिए कई राज्यों का जनसांख्यिकी घनत्व बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। सम के सीमावर्ती जिलों अररिया, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिलों की मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों के नाम मिले हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या 15 लाख से अधिक हो सकती है। गृह विभाग ने भी कई जिलों में बांग्लादेशियों की संख्या को लेकर रिपोर्ट पेश की है। इसके अनुसार सीमांचल में अवैध घुसपैठियों के कारण कई जिलों का जनसांख्यिकी गणित पूरी तरह गड़बड़ा गया है। 1951 से 2011 तक देश की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी जहां चार प्रतिशत बढ़ी है, वहीं सीमावर्ती जिलों में यह आंकड़ा करीब 16 प्रतिशत है। सरकारी दस्तावेजों में ये लोग भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। इस कारण उन्हें अनेक केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कारण उनका भारत की जमीन पर रहना आसान हो गया है। अतएव प्रस्तावित विधेयकों की बजाय मतदाता सूची पर ज्यादा हंगामा होना तय है। यदि संसद में राजनीतिक गतिरोध बना रहता है और संसद अखाड़े में तब्दील होती रही तो उन विधेयकों और अधिनियमों पर बारीकी से बहस संभव नहीं है, जो देश की 1.4 करोड़ जनता की भलाई व नियमन के लिए कानून बनने जा रहे हैं? प्रत्येक सांसद का दायित्व बनता है कि वह विधेयकों के प्रारूप का गंभीरता से अध्ययन करे, जिससे यह समझा जा सके कि उसमें शामिल प्रस्ताव देश व जनता के हित से जुड़े हैं अथवा नहीं? लेकिन राज्यसभा और लोकसभा का यह दुर्भाग्य है कि ज्यादातर सांसद अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा करने की बजाय, ऐसे मुद्दों को बेवजह बीच में घसीट लाते हैं, जिनसे उनकी क्षेत्रीय राजनीति चमकती रहे। ऐसी स्थिति सत्तारूढ़ सरकार के लिए लाभदायी होती है, क्योंकि वह बिना किसी बहस-मुबाहिशे के ही ज्यादातर विधेयक पारित करा लेती है। जबकि विपक्ष सार्थक बहस करने की बजाय गाहे-बगाहे सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहकर संसद का समय जाया कर देता है। प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दृष्टि से यह स्थिति देशहित में कतई नहीं है। इस लिहाज से सत्तारूढ़ सरकार और दल का कर्तव्य बनता है कि वह राजनीतिक गतिरोध का समाधान, राजनीतिक तौर-तरीकों से ही निकाले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

बड़ी समस्या
राकेश अचल




# कुत्तों की आवारगी पर बड़ी अदालत का रुख

इंसानों की आवारगी पर आज तक देश का कोई कुत्ता सर्वोच्च न्यायालय नहीं पहुंचा लेकिन इंसान आवारा कुत्तों के मुद्दे पर देश की सबसे बड़ी अदालत तक जा पहुंचा। संवेदनशील माननीय अदालत ने आवारा कुत्तों के बारे में याचिका सुनी भी और कुछ निर्देश भी दिए जो देशभर के कुत्ता विरोधियों के लिए एक सबक है। देश के आवारा कुत्तों की ओर से मैं सर्वोच्च न्यायलय का आभार व्यक्त करता हूँ। मेरी दादी फूलकुंवर देवी निरक्षर थीं लेकिन सांसारिक मुद्दों पर उनका ज्ञान असीमित था। वे आवारा कुत्तों को उसी स्नेह से रोटी खिलाती थीं जितने स्नेह से गाय को। सनातन भारतीयों के लिए आवारा गाय फिर भी पूजनीय है लेकिन आवारा कुत्ता नहीं। दादी आवारा, बेसहारा कुत्तों को 'बिना झोली का फकीर' कहती थीं। कमोवेश यही बात माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कही है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को खाना देने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से ही सवाल पूछ लिए। अदालत ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, "क्या हमें इन बड़े दिल वाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? इन जानवरों के लिए तो पूरी जगह है लेकिन इंसानों के लिए कोई जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।" यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है। इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को परेशान किया जा रहा है और वह पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुसार सड़कों पर रहने वाले कुत्तों को खाना देने में असमर्थ है। पशु जन्म नियंत्रण नियमावली, 2023 का नियम 20 सड़कों पर रहने वाले पशुओं के भोजन से संबंधित है और यह परिसर या उस क्षेत्र में रहने वाले पशुओं के भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का दायित्व स्थानीय 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' या 'अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन' या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि पर डालता है। शीर्ष अदालत ने इस पर कहा, "हम आपको अपने घर में ही एक आश्रय स्थल खोलने का सुझाव देते हैं। गली-मोहल्ले के प्रत्येक कुत्ते को अपने घर में ही खाना दें।" याचिकाकर्ता के वकील ने नियमों के अनुपालन का दावा किया और कहा कि नगर प्राधिकार ग्रेटर नोएडा में तो ऐसे स्थान बना रहा है लेकिन नोएडा में नहीं। ऐसे स्थानों पर भोजन केंद्र बनाए जा सकते हैं जहां लोग अक्सर नहीं आते। पीठ ने इस पर पूछा, "आप सुबह साइकिल चलाने जाते हैं? ऐसा करके देखिए क्या होता है।" जब वकील ने कहा कि वह सुबह की सैर पर जाते हैं और कई कुत्तों को देखते हैं तो पीठ ने कहा, "सुबह की सैर करने वालों को भी खतरा है। साइकिल सवार और दोपहिया वाहन चालकों को ज़्यादा खतरा है।" इसके बाद पीठ ने इस याचिका को इसी तरह के एक अन्य मामले पर लंबित याचिका के साथ संलग्न कर दिया। इससे पहले उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए नियमों के प्रावधानों को उचित देखभाल और सतर्कता के साथ लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया। न्यायालय ने कहा, "कानून के प्रावधानों के अनुसार गलियों में रहने वाले कुत्तों का संरक्षण आवश्यक है लेकिन साथ ही अधिकारियों को आम आदमी की चिंता को भी ध्यान में रखना होगा ताकि इन आवारा कुत्तों के हमलों से सड़कों पर उनकी आवाजाही बाधित न हो।" 2019 की पशुधन गणना के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 1.53 करोड़ थी, जो 2012 में 1.71 करोड़ थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है, और यह रेबीज जैसी बीमारियों के प्रसार का प्रमुख कारण भी है। भारत में कुत्तों की आवारगी भले ही एक राष्ट्रीय समस्या है लेकिन ये ही भारतीय कुत्ते को भगवान भैरव की सवारी मानकर उसे पूजते भी हैं। टोटके करने वाले लोगों को काले कुत्ते को रोटी खिलाने की सलाह देते हैं। हमारे समाज में कुत्ते की मौत को सबसे घृणित और निकृष्ट मानकर इसे गाली के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। दुर्भाग्य ये है कि देश में आवारा इंसानों के लिए हवालातें और मर्सी होम्स हैं। आवारा गायों के लिए गोशालाएं हैं लेकिन कुत्तों के लिए कोई माकूल इंतजाम नहीं है। कुत्ते आये दिन इंसानों की क्रूरता और नृशंसता के शिकार होते हैं, वाहनों से कुचले भी जाते हैं। विदेशों में कुत्ते इंसानों की तरह सम्मानित जीवन जीते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।
राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।


# अहंकार ही समस्याओं का कारण



संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्राय: संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है।

*-रमेश कश्यप, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### 'एक पेड़ मां के नाम'



वन महोत्सव में माननीय न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि!



भारत माता के वीर सपूत, अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका बलिदानी और साहसिक जीवन स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा है, जो सदैव हम सभी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### नारी शक्ति मेरी प्रेरणा



मैं स्वयं को दिल्ली की हर उस नारी की प्रतिनिधि मानती हूँ जो निस्वार्थ भाव से अपने घर, समाज और राष्ट्र की नींव को सींच रही है। यही नारी शक्ति मेरी प्रेरणा है, मेरा दायित्व है। उनकी आकांक्षाएँ नीतियों की दिशा तय करती हैं और उनका संघर्ष मेरे संकल्पों को दृढ़ता देता है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### युवाओं को रोजगार



महारोज़गार मेला में उमड़ा जनसैलाब सिर्फ भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से युवाओं को पलायन करना पड़ता है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर


# नेपाल के पीएम ओली मध्य सितंबर में भारत आएंगे



नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली सितंबर के मध्य में भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने कहा, प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, यात्रा की तारीख और विस्तृत कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि ओली 16 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बार यह यात्रा संक्षिप्त होगी, संभवत: सिर्फ दो दिन के लिए ही होगी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली पिछले साल जुलाई में, चौथी बार प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को सीपीएन-यूएमएल के नाम से भी जाना जाता है। ओली प्रधानमंत्री पद का संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा के तौर पर भारत आने की बजाय चीन गए थे। उन्होंने पिछले वर्ष दिसंबर में चीन के प्रधानमंत्री ली. कियांग के निमंत्रण पर उक्त देश का दौरा किया था। ओली ने अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान बीजिंग में पीकिंग यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया था तथा राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री कियांग से मुलाकात की थी।

## ऑफ बीट

# तेल व गैस कुओं के पास रहने वालों बच्चों को ल्यूकीमिया



'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' भले ही दुर्लभ होता है लेकिन यह बच्चों में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है। यह अस्थि मज्जा में शुरू होता है और तेजी से बढ़ता है। इन मामलों में लंबे समय तक जीवित रहने की दर 90 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन कई रोगियों को जीवन भर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें हृदय संबंधी समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और दूसरी बार कैंसर होने का अधिक जोखिम शामिल है। अमेरिका में कैंसर की कुल दर 2002 से घट रही है लेकिन बचपन में होने वाले 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति इस बीमारी के केवल इलाज पर ध्यान देने के बजाय रोकथाम की आवश्यकता को और भी अधिक रेखांकित करती है। अध्ययन सामग्री से पता चलता है कि तेल और प्राकृतिक गैस के कुओं से निकलने वाले रसायनों के संपर्क में आने से बच्चों में 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' होने का खतरा बढ़ जाता है। हम पर्यावरण महामारी विज्ञान के अध्ययनकर्ता हैं, जो कोलोराडो और पेंसिल्वेनिया में तेल और प्राकृतिक गैस विकास कार्यों से जुड़े स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान

# सीजेआई ने पौधरोपण कर देश को जिम्मेदारी का एहसास कराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में शनिवार को भारत के मुख्य न्यायधीश के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के कई जज भी शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और सहित सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने दिल्ली के रिज स्थित पीबीजी मैदान में पौधरोपण किया। इस दौरान दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी वहां मौजूद रहे। उन्होंने संदेश दिया कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रधानमंत्री के ‘एक पेड़ मां के नाम 2.0’ अभियान को आज बड़ा बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पी. श्री. नरसिम्हा, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस संजय करोल, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस एसवीएन भाटी सहित कई अन्य ने मां के नाम पौधे लगाए।



- पीएम मोदी ने कहा- वन महोत्सव में भागीदारी नागरिकों को प्रेरित करेगी
- मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के जजों ने भी लगाए पेड़
- दिल्ली सहित देशभर में पर्यावरण के संरक्षण का दिया संदेश

**वन मानवता की परंपरा के महत्वपूर्ण घटक**

### वन हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए: सीजेआई

पौधरोपण कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने कहा कि वन केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी हैं। उन्होंने विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वह दिल्ली सरकार द्वारा वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत दिल्ली रिज स्थित पीबीजी मैदान में विशाल पौधरोपण अभियान में बोल रहे थे।

### विकास अहम लेकिन कीमत को समझना होगा

सीजेआई ने दिल्ली की प्रदूषण से सलाना लड़ाई का जिक्र करते हुए कहा कि अक्टूबर आते ही सभी चिंतित होने लगते हैं। विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें इसके लिए चुकाई गई कीमत को भी समझना होगा। मानवता की परंपरा का हिस्सा रहे वन केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी हैं। वे दिल्ली के प्रदूषण को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### सीजेआई ने की सभी से जिम्मेदारी निभाने की अपील

सीजेआई ने सतत विकास पर उच्चतम न्यायालय के निरंतर जोर और प्रदूषण नियंत्रण पर उसके ऐतिहासिक परामर्शों पर प्रकाश डाला और सभी हितधारकों से राजधानी के पर्यावरणीय संकट से निपटने में अपनी साझा जिम्मेदारी को पहचानने का आग्रह किया।



### पीएम मोदी ने न्यायाधीशों की भागीदारी को सराहा

अभियान में न्यायाधीशों की भागीदारी को पीएम मोदी ने भी सराहा है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि वन महोत्सव में न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।

### सिरसा बोले- यह सशक्त संदेश

दिल्ली के वन मंत्री सिरसा ने सीजेआई वई और अन्य न्यायाधीशों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी उपस्थिति ने सामूहिक रूप से किए गए कार्य के महत्व का एक सशक्त संदेश दिया। सिरसा ने कहा कि जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने सही कहा है, दिल्ली के पर्यावरण की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### ‘आप’ विधायक इस्तीफा वापस लेने हुईं सहमत



**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा और राजनीति छोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद आप विधायक और पूर्व मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को अपना फैसला वापस लेने पर सहमत हो गईं। उन्होंने यह निर्णय तब किया, जब आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उनसे मुलाकात की।

### पिकअप को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 4 की मौत



**बलिया।** यहां के नरहीं थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से रविवार की दोपहर में 25 श्रद्धालु पिकअप वैन पर सवार होकर बाबा धाम जलाभिषेक करने जा रहे थे। बिहार के बेगूसराय में ट्रेलर ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लाची देवी और हरेंद्र राजभर की मौके पर मौत हो गई। मुघुन राजभर और घुरूहू राम की बाद में मौत हुई।

### भूमि का बंटवारा से इनकार, 5 ने खाया जहर



**नालंदा।** जिले के पावापुरी में एक ही परिवार के 5 सदस्यों द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मृतक धर्मेंद्र कुमार, जो शेखपुरा जिले के पुरनकामा गांव के रहने वाले थे, लंबे समय से कर्ज और पारिवारिक विवाद से परेशान थे। धर्मेंद्र के सगोत्री के लोगों ने पुश्तैनी 9 बीघा जमीन को बांटने से मना किया था।

### केरल में कांग्रेस ने भाजपा के साथ किया गठबंधन



**नई दिल्ली।** माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राज्य इकाई ने भाजपा के साथ गठबंधन किया है। जॉन ने राहुल के उस टिप्पणी पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे वैचारिक रूप से माकपा और संघ, दोनों से लड़ रहे हैं।

अहमदाबाद विमान हादसे में बड़ा खुलासा, जांच अधिकारी हैरान

# आखिरी 26 सेकंड में क्या हुआ, विमान के पिछले हिस्से में मिला अहम सुराग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत समेत पूरी दुनिया को हिला देने वाले अहमदाबाद विमान हादसे की जांच जारी है। इस हादसे को लेकर जांचकर्ता बारीकी से बोइंग ड्रीमलाइनर के मलबे की जांच कर रहे हैं। अब भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआई) की जांच में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आया है। विमान के पिछले हिस्से के मलबे में सीमित इलेक्ट्रिकल आग के निशान मिले हैं, जिसने जांच की दिशा को इलेक्ट्रिकल सिस्टम की खराबी की ओर मोड़ दिया है।*

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच में यह भी सामने आया कि दिल्ली से अहमदाबाद आने वाली पिछली उड़ान एआई-423 में पायलट ने एसपीएक्स (स्टेबलाइजर पोजिशन ट्रांसड्यूसर) की खराबी की शिकायत दर्ज की थी। यह सेंसर विमान की पिच को नियंत्रित करता है और फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम को डेटा भेजता है। अहमदाबाद में मेंटेनेंस इंजीनियर ने इसकी जांच के बाद उड़ान को मंजूरी दी थी, लेकिन अब जांचकर्ता इस सेंसर की खराबी को व्यापक इलेक्ट्रिकल सिस्टम की समस्या से जोड़ रहे हैं।

पिछले हिस्से के मलबे में मिले एपीयू, ट्रांसड्यूसर्स और रडर्स को सुरक्षित रखा गया है, ताकि इनका विस्तृत विश्लेषण किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ान के दौरान इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी से सेंसर डेटा में गड़बड़ी हुई होगी, जिससे ईसीयू ने इंजनों को गलत कमांड भेजा रैम एयर टरबाइन तैनात हुआ, जो इलेक्ट्रिकल विफलता के दौरान आपातकालीन शक्ति प्रदान करता है, लेकिन विमान की कम ऊंचाई (625 फीट) से पायलटों को सुरक्षित लैंडिंग का समय नहीं मिला। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल मेस भवन पर गिरा, जहां पीछे का हिस्सा अलग हो गया। इससे जांच में अहम सुराग मिले। जांच में बोइंग, जनरल इलेक्ट्रिक, अमेरिका की एनटीएसबी और ब्रिटेन की सीएए के विशेषज्ञ शामिल हैं।

### इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी

जांचकर्ताओं का मानना है कि इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी ने इंजन कंट्रोल यूनिट को गलत डेटा भेजा, जिसके परिणामस्वरूप ईंधन आपूर्ति रुक गई। विमान के पिछले हिस्से में स्थित ऑक्जिलरी पावर यूनिट बरकरार मिली, लेकिन रियर ब्लैक बॉक्स को व्यापक क्षति पहुंची है, जिससे डेटा निकालना मुश्किल हो गया। हालांकि, फ्रंट ब्लैक बॉक्स से डेटा सफलतापूर्वक प्राप्त हुआ जो जांच के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

**इलेक्ट्रिकल आग के निशान मिले**



**ब्लैक बॉक्स में मिला ये डेटा :** विमान का पिछला ब्लैक बॉक्स, जिसे आफ्टर एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर कहा जाता है। हॉस्टल की मेस की छत पर मिला था। यह बॉक्स गर्मी से काफी ज्यादा खराब हो गया था, जिसकी वजह से सामान्य तरीकों से इसका डेटा निकालना मुमकिन नहीं हो पाया। जब उसकी मेमोरी कार्ड को खोला गया, तो पता चला कि वह भी बुरी तरह जल चुका था और बहुत नुकसान पहुंचा था।। जले हुए मलबे में मिला विमान का आगे का ब्लैक बॉक्स काफी हद तक सुरक्षित था। यह हिस्सा भी जल चुका था, लेकिन विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को इससे जरूरी डेटा निकालने में सफलता मिली।

### उड़ान के 26 सेकंड बाद क्या हुआ?

दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारियों का ध्यान अब विमान के पिछले हिस्से यानी टेल सेक्शन पर है। जांचकर्ताओं का मानना है कि उड़ान भरने के 26 सेकंड के भीतर इस हिस्से में कुछ गड़बड़ी हुई थी, जो एयरपोर्ट से उड़ान भरते वक्त हुई थी। उन्हें लगता है कि यहीं से उन्हें दुर्घटना के अहम सुराग मिल सकते हैं। इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि टेल सेक्शन या एम्पेनेज में सीमित क्षेत्र में बिजली से जुड़ी आग के संकेत मिले हैं।

उत्तराखंड हेलीकॉप्टर हादसे की जांच

### ‘रोटर ब्लेड’ के केबल से टकराने से क्रैश हेलीकॉप्टर

उत्तराखंड में मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि उसका मुख्य रोटर ब्लेड ऊपर से गुजर रही फाइबर केबल से टकराया था जिसके बाद हेलीकॉप्टर पहाड़ी से नीचे गिरकर एक पेड़ से अटक गया था। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो ने बताया कि जांच दल दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने कार्रवाई कर रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्री बोले

### अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कीजिए

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि सरकार कोई निष्कर्ष निकालने से पहले दुर्घटना पर अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करेगी। उन्होंने पश्चिमी मीडिया को लताड़ लगाते हुए कहा कि वे अटकलों से बचें और भारत में ब्लैक बॉक्स डेटा को डिकोड करने के लिए विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की सराहना करें। एएआईबी ने विशेष रूप से पश्चिमी मीडिया के लिए एक अपील की है, जो कि वे जिस तरह के लेखों को प्रकाशित करने की कोशिश कर रहे हैं।

पीएनजीआरबी से घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत



# सभी को एक समान रेट पर मिलेगी पाइपलाइन से गैस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गैस पाइप का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ता के लिए राहत की खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पाइप से मिलने वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत हर उपभोक्ता के लिए एक समान रखें, चाहे वह कितना भी गैस इस्तेमाल करे। सरकार शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर पीएनजी आवंटित करती है, ताकि वे इसे घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस के रूप में बेच सकें। इसकी कीमत बाजार से कम होती है। यह सब्सिडी वाली गैस खास तौर पर घरेलू इस्तेमाल के लिए होती है ताकि आम लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिल सके। लेकिन पीएनजीआरबी ने पाया कि कुछ कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं पर टेलिस्कोपिक प्राइसिंग लागू कर रही हैं।

### कॉमर्शियल के चलते घरेलू उपभोक्ता प्रभावित

मामले में रेगुलेटर का कहना है कि यह तरीका गलत है, क्योंकि इससे कुछ कॉमर्शियल उपभोक्ता खुद को घरेलू उपभोक्ता बताकर सस्ती गैस का फायदा उठा सकते हैं। असली घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा इस्तेमाल करने पर अनावश्यक रूप से ज्यादा बिल देना पड़ रहा है, जबकि कंपनियों को गैस एक ही रेट पर मिल रही है।

### खपत के पैटर्न की जांच भी की जाएगी

पीएनजीआरबी ने कहा कि हर घरेलू उपभोक्ता को गैस एक ही रेट पर दी जाए, चाहे वह कितनी भी गैस क्यों न इस्तेमाल करे। साथ ही सीजीडी कंपनियां खपत के पैटर्न की जांच करें और जिन उपभोक्ताओं की खपत असामान्य रूप से ज्यादा है, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। इससे गड़बड़ी और सब्सिडी के गलत इस्तेमाल को रोका जा सकेगा।

ईडी ने दो वकीलों को किया था तलब

# इस पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, आज सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच



अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। मनी लॉड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है। कहा गया कि किसी भी वकील को कोई समन जारी नहीं किया जाना चाहिए।

‘शारदा’ की छात्रा के सुसाइड में खुलासा

# प्रोफेसर ने चप्पल मारने और फेल करने की दी थी धमकी

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

यहां की शारदा विश्वविद्यालय के हॉस्टल में आत्महत्या करने वाली छात्रा ज्योति शर्मा अगस्त में होने वाली परीक्षा से पहले प्रोजेक्ट पर प्रोफेसरों के हस्ताक्षर नहीं करने से आहत थी। छात्रा की मां सुनीता के मुताबिक अगस्त में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा होनी है।

छात्रा ने मेडिकल प्रोजेक्ट के तौर पर डेंचर (बत्तीसी) पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। 30 नंबरों के इस प्रोजेक्ट पर विभाग के प्रोफेसरों के हस्ताक्षर होने थे। शुक्रवार को छात्रा



प्रोजेक्ट की फाइल पर हस्ताक्षर कराने के लिए गई थी। प्रोफेसरों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। छात्रा के प्रोजेक्ट की फाइल भी फेंक दी गई। प्रोफेसर ने चप्पल फेंककर मारने की बात कही। जिससे छात्रा आहत हो गई। मां का दावा है कि सारी बातें डीन को पता थी।

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ.मांडविया




### ‘संडे ऑन साइकिल’ रैली में दिया संदेश

वाराणसी। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को वाराणसी के बीएचयू में ‘फिट इंडिया’ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ‘फिट इंडिया’ मूवमेंट के तहत आयोजित किए गए ‘संडे ऑन साइकिल’ रैली का नेतृत्व किया। ‘फिट इंडिया’ मूवमेंट के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बीएचयू के छात्रों और ड्रग-फ्री यूथ कैंपेन के स्वयंसेवकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच फिटनेस और नशा-मुक्त जीवनशैली का संदेश देना है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थरूर का बड़ा बयान

सांसद देश को बनाने का जरिया

# राष्ट्र संकट में हो तो पार्टी हितों को छोड़कर देशहित और सुरक्षा सर्वोपरि

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा कि उनके लिए ‘देश पहले है, पार्टी बाद में।’ उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का जरिया होते हैं और सभी पार्टियों को उस मकसद तक पहुंचने के अपने-अपने तरीके अपनाने का हक है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर कोच्चि में शांति, सौहार्द और राष्ट्रीय विकास विषय पर एक निजी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

‘मेरे लिए देश पहले, पार्टी बाद में’

**देश के प्रति निष्ठा होनी चाहिए**



थरूर ने कहा कि आपकी पहली निष्ठा किसके प्रति होनी चाहिए? मेरे हिसाब से देश के प्रति। राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का एक माध्यम होते हैं। सभी पार्टियों का एक ही उद्देश्य होता है, देश को आगे ले जाना, भले ही तरीका अलग हो। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाल ही में सीमा से जुड़े मुद्दों और सशस्त्र बलों के मामलों में सरकार और फौज का समर्थन किया था। उन्होंने कहामैं अपनी बात पर कायम रहूंगा।

**राष्ट्र हित में सभी दल साथ आएं**

थरूर ने कहा कि राजनीति एक तरह की स्पर्धा है। हम अपने दलों की विचारधाराओं और मूल्यों का सम्मान करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर पार्टियों को मिलकर काम करना चाहिए।

सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में किया एक महत्वपूर्ण बदलाव

# अग्निवीर बनने मानसिक फिट होने का टेस्ट पास करना किया जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब सिर्फ शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती की भी परख होगी।

अगस्त 2025 से शुरू होने वाली इस नई व्यवस्था के तहत अग्निवीर उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के साथ-साथ एक ऑनलाइन साइकोलॉजिकल टेस्ट भी देना होगा। यह बदलाव मध्य प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड जिलों में भर्ती रैलियों में पहली बार लागू किया जाएगा।

**क्यों जरूरी है साइकोलॉजिकल टेस्ट?**



सेना के लिए यह बेहद जरूरी हो गया है कि वह न केवल शारीरिक रूप से मजबूत जवानों को चुने, बल्कि ऐसे उम्मीदवारों को भी चुना जाए जो मानसिक रूप से कठिनाइयों और तनाव से निपटने में सक्षम हों। रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान ने इस टेस्ट को तैयार किया है ताकि उम्मीदवारों की मानसिक क्षमता और तनाव सहन करने की क्षमता को सही ढंग से परखा जा सके। इससे सेना को वे जवान मिलेंगे जो युद्ध या अन्य कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभा सकें।अग्निवीरों के लिए यह पहली बार पहले इस तरह के मनोवैज्ञानिक परीक्षण सिर्फ एनडीए, सीडीएस और जेसीओ स्तर के अफसरों के लिए होते थे। अब पहली बार इसे अग्निवीर स्तर के जवानों पर भी लागू किया जा रहा है।।सेना की कोशिश है कि अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में भी उसी तरह की गुणवत्ता लाई जाए जो अफसरों के चयन में होती है, लेकिन टेस्ट का स्वरूप जवानों के लिए उनके स्तर के अनुसार डिजाइन किया गया है।

**भारतीय सेना का उद्देश्य**

भारतीय सेना का मकसद है कि वे ऐसे जवानों का चयन करें जो न केवल शारीरिक रूप से फिट हों, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत हों। ऐसा करके वे भविष्य में तनाव या मानसिक दबाव के कारण होने वाली घटनाओं को कम कर सकेंगे. इससे सेना की कार्यक्षमता में सुधार होगा।

### क्या होगा टेस्ट का फॉर्मेट?

यह साइकोलॉजिकल टेस्ट लगभग 15 मिनट का ऑनलाइन टेस्ट होगा, जो फिजिकल टेस्ट के बाद उम्मीदवारों को मोबाइल फोन पर भेजा जाएगा। टेस्ट के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवार को पहले 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। जो उम्मीदवार इस मानसिक परीक्षा में सफल नहीं होते, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में भाग लेने का मौका नहीं मिलेगा। यह कदम सेना की चयन प्रक्रिया को और अधिक किफायती और सटीक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# धनी भारतीयों को विदेश में बसने आव्रजन कंपनियां दे रहीं ऑफर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यदि आप पांच से 10 लाख रुपये मासिक कमाते हैं, या किसी स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर का निवेश कर सकते हैं, या सिर्फ एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, तो एक वैश्विक आव्रजन सलाहकार आपको कई देशों में बसाने का वादा कर सकता है। देशों में विकल्प फ्रांस और इटली से लेकर मिस्र और ग्रेनेडा तक हैं। वैश्विक आव्रजन कंपनी गैरेंट.इन के संस्थापक एंड्रयू बोइको ने कहा, विकल्प स्पष्ट है। उदाहरण के लिए, आप गुरुग्राम में एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, लेकिन इससे आपको इटली में रहने की सुविधा नहीं मिलेगी।

- स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर निवेश कर सकते हैं

**यदि आप पांच से दस लाख रुपए मासिक कमाते हैं**

### विदेशों में बसना भारतीयों को पसंद आ रहा

बोइको ने कहा, "भारतीय बहुत व्यावहारिक होते हैं। वे बिना किसी फ़ायदे के चंदा नहीं देना चाहते (कुछ देशों द्वारा नागरिकता या निवास के लिए मांगा जाने वाला चंदा) क्योंकि वे अपना पैसा वापस चाहते हैं। वे अपने निवेश पर रिटर्न भी चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि यहीं पर वित्तीय स्वतंत्रता और निवेश जैसे कार्यक्रम विदेशों में बसने के इच्छुक भारतीयों को पसंद आ रहे हैं।



### फ्रांस, इटली और मिस्त्र पंसदीदा देशों में

भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा देशों में फ्रांस, इटली, मिस्र और ग्रेनेडा शामिल हैं। बोइको ने बताया कि विदेश जाने की चाह रखने वाले भारतीयों में उन्होंने एक अहम बात देखी गई है कि विदेश जाने के मामले में भी भारतीय निवेशक की तरह होते हैं।

### यूरोप में आप कहीं भी रह सकते हैं

लेकिन अगर आप इटली में उतनी ही कीमत का अपार्टमेंट खरीदते हैं, तो आप वहां या यूरोप में कहीं भी रह सकते हैं, साथ ही कई अन्य देशों तक आसानी से पहुंच भी पाएंगे। अमीर भारतीयों में विदेश में बसने की तीव्र रुचि को देखते हुए यह कदम उठाया गया।

### केवल तीन माह में 4000 आवेदन आए

दुबई स्थित इस कंपनी ने नई दिल्ली में एक पूर्ण कार्यालय खोला है और जल्द ही मुंबई में एक कार्यालय और फिर देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ कार्यालय खोलने की योजना बना रही है। बोइको ने कहा कि उनकी कंपनी को भारत से केवल तीन महीनों में 4,000 से अधिक 'अनुरोध' प्राप्त हुए हैं।

### स्थिर आय प्रभाव दिखाना होता है

वित्तीय स्वतंत्रता कार्यक्रम के तहत, किसी व्यक्ति को किसी देश में निवास प्राप्त करने के लिए एक निश्चित सीमा से अधिक स्थिर आय प्रवाह दिखाना होता है, और कुछ वर्षों के बाद, पात्र नियमों और शर्तों के अधीन, यह नागरिकता में परिवर्तित हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### उड़ान ने शॉपकिराना का किया अधिग्रहण




**मुंबई।** उड़ान ने खुदरा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप शॉपकिराना के अधिग्रहण की घोषणा की। बयान में कहा गया, इंदौर, भोपाल, लखनऊ, आगरा, सूरत और मेरठ जैसे छोटे व मझोले शहरों में मजबूत उपस्थिति के साथ शॉपकिराना, उड़ान की राष्ट्रीय बाजार उपस्थिति को और मजबूत करता है। उड़ान एक प्रमुख ई-बी2बी व्यापार मंच है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रहा था।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस व रिलायस को हुआ घाटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 94,433.12 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.74 अंक या 0.90 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं ईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई), बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार है ।

### यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक

# अधिकारियों ने जून तिमाही में 15,851 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी दावे पकड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 15,851 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों का पता लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई है।

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,840 से कम है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति वर्तमान में विशिष्ट क्षेत्रों में कर चोरी का अध्ययन कर रही है और आईटीसी धोखाधड़ी को रोकने के तरीकों पर विचार कर रही है।

### 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में, जीएसटी अधिकारियों ने 3,840 फर्जी कंपनियों से जुड़े 12,304 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का पता लगाया था। 549 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जीएसटी व्यवस्था के तहत, आईटीसी कंपनियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी पर चुकाए गए करों से है।




- जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई
- पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही
- औसतन, हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही

### 25,009 फर्जी कंपनियों का पता लगाया था

वर्ष 2024-25 के दौरान, जीएसटी अधिकारियों ने 61,545 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी में शामिल 25,009 फर्जी कंपनियों का पता लगाया था। जीएसटी अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दो अखिल भारतीय अभियान चलाए हैं।

### फर्जी जीएसटी पंजीकरण अभियान कारगर रहा

एक अधिकारी ने कहा, "औसतन, हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही हैं। अप्रैल-जून की अवधि में फर्जी कंपनियों की संख्या पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कम है, जो दर्शाता है कि फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ अभियान कारगर रहा है।

### खजाने को चुना लगाने बनाते हैं फर्जी कंपनियां


कर देयता का भुगतान करते समय इस कर का दावा क्रेडिट या कटौती के रूप में किया जा सकता है। फर्जी आईटीसी से निपटना जीएसटी प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है क्योंकि बेईमान तत्व केवल आईटीसी का दावा करने और सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए फर्जी कंपनियां बना लेते हैं।

### पहले अभियान में 18,000 फर्जी कंपनियों का पता चला

पहले विशेष अभियान के दौरान 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी का पता चला था। इसी तरह 16 अप्रैल से 30 अक्टूबर, 2024 के बीच दूसरे अभियान में, जीएसटी अधिकारियों ने जीएसटी के तहत पंजीकृत लगभग 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगाया, जो लगभग 25,000 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल रही हैं।

# होंडा की नजर भारतीय दोपहिया बाजार में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा 2030 तक भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी की भारत स्थित इकाई के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कंपनी की इकाई होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) को महिला ग्राहकों के बीच बिक्री बढ़ाने की अपार संभावनाएं दिख रही हैं। वर्तमान में कुल उद्योग बिक्री में महिला ग्राहकों की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। एचएमएसआई के अध्यक्ष त्सुत्सुमु ओटानी ने दिए एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को दीर्घावधि में दोपहिया वाहन खंड में पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) से इलेक्ट्रिक वाहन की ओर बदलाव की उम्मीद है, लेकिन चार्जिंग बुनियादी ढांचे और बिजली आपूर्ति से जुड़ी बाधाएं वर्तमान में प्रमुख बाधाएं हैं। ओटानी से जब होंडा के वैश्विक दोपहिया वाहनों की बिक्री में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के दीर्घकालिक लक्ष्य में भारतीय बाजार के महत्व के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "भारतीय बाजार के आकार को देखते हुए, हम 2030 तक भारत में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना चाहते हैं।

### रियल एस्टेट क्षेत्र के विशेषज्ञ का मानना किफायती मकानों की मांग अच्छी

**नई दिल्ली।** देश में रियल एस्टेट कंपनियां लग्जरी और प्रीमियम मकानों को अधिक तरजीह दे रही हैं। इसका कारण जहां जमीन की कीमत अधिक होने से मध्यम आय और किफायती श्रेणी के मकानों में कीमत को एक दायरे में रखने को लेकर चुनौती है, वहीं लग्जरी खंड में मार्जिन अधिक होने के साथ-साथ मांग भी अच्छी है।

**PUBLICATION OF NOTICE**

Pro. No.140/2024

**IN THE COURT OF THE DISTRICT JUDGE -1 GONDIA**

**MACP No. 98/2018**

**F.F. 24/7/2025**

Applicant : Jageshwar S/o. Patiram Parteki ---Vs---

Non-Applicant : Azadsingh S/o. Mahendrasingh Bhatti + 1

To,

N.A. No. 1 :- Azadsingh S/o. Mahendrasingh Bhatti, Aged Major, Occ- Business, R/o. Shyam Colony, Faridabad, (Haryana)

Where as the above named Jageshwar S/o. Patiram Parteki, R/o-Dalli, Post. Shenda, Tah. Sadak Arjuni, Dist.-Gondia has made application to this court u/s 166 of M.V.Act. 1988 for grant of compensation of **Rs. 1,00,000/-** due to accident of disability sustained by petitioner (Jageshwar S/o. Patiram Parteki) in Vehicular Accident on dt. 01/07/2018 at 23.30 P.M. on S.H. No. 275, At, Navegaon Bandh by the Truck Container Bearing Reg. No. HR-38/U-5241 Truck.

You are hereby warned to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed on **24/07/2025 at 11.00 am.** in the forenoon, to show cause against the application, failing wherein, the said application will be heard and determined exparte.

Also take notice that in default of your failing as address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defense struck out. Give under my hand and seal of this court on **15/03/2024.**

By order

Seal (V.H. Rahile) Superintendent District Court (T.W.), Gondia.

### द वेल्थ कंपनी को म्यूचुअल फंड में कारोबार की अनुमति


**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने "द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स" को म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की अंतिम मंजूरी दे दी है। पैंटोमैथ समूह की कंपनी ने कहा कि उसे 18 जुलाई, 2025 को सेबी से एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के रूप में पंजीकरण का प्रमाणपत्र मिला।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कंपनी परिणाम और व्यापार वार्ता शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- इंफोसिस और बजाज फाइनेंस जैसी कंपनियों के आएंग परिणाम

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

एक विश्लेषक का कहना है कि बाजार सोमवार को तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया दे सकता है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को जून तिमाही के लिए 26,994 करोड़ रुपये का अपना अबतक का सबसे अधिक तिमाही लाभ दर्ज किया है। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 78.3 प्रतिशत का उछाल है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, "सभी की निगाहें चालू तिमाही नतीजों के सत्र पर टिकी हैं। निवेशक सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे पहले तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक - के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे।

### बीटीए के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूर्ण

भारत और अमेरिका के वार्ताकारों ने 17 जुलाई को वाशिंगटन में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली। ये विचार-विमर्श महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं।

# पहली छमाही में 24 कंपनियों ने आईपीओ से 45,000 करोड़ जुटाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार अड़चनों, भू-राजनीतिक संघर्ष और व्यापक आर्थिक चिंताओं के बावजूद 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 45,350 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है।हालांकि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईपीओ की संख्या घटकर 24 रह गई, जो 2024 की जनवरी-जून अवधि में 36 थी। इससे पता चलता है कि आईपीओ के औसत आकार में वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे चलकर घरेलू निवेश के मजबूत प्रवाह, सकारात्मक निवेशक धारणा और मजबूत वृद्धि की संभावना के कारण 2025 की दूसरी छमाही में आईपीओ बाजार के सतर्क रूप से मजबूत बने रहने की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून के दौरान 24 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 45,351 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 36 कंपनियों ने 31,281 करोड़ रुपये जुटाए थे। जेएम फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशनल सिक्योरिटीज की प्रबंध निदेशक और प्रमुख इक्विटी कैपिटल मार्केट्स नेहा अग्रवाल ने कहा, "साल की पहली छमाही में वैश्विक व्यापार तनाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हुई। इन चिंताओं के बावजूद, कंपनियों ने इस अवधि के दौरान आईपीओ के माध्यम से 45,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है।"

## दिल्ली-एनसीआर में रॉयलओक फर्नीचर से घर बन रहे हैं सुकून का पर्याय, किफायती लग्ज़री से मिलती है तनावमुक्त जीवनशैली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश का नंबर 1 फर्नीचर ब्रांड, रॉयलओक अब लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी योगदान दे रहा है। दिल्ली-एनसीआर और आगरा क्षेत्र में ब्रांड के कई स्टोर्स संचालित हो रहे हैं। ऐसे में, रॉयलओक किफायती कीमतों पर फर्नीचर और होम डेकोर की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराकर घर का एक ऐसा वातावरण बनाने में मदद कर रहा है, जो मानसिक शांति और आराम का अनुभव कराए, वह भी 70% तक की छूट के साथ। शोध बताते हैं कि जब घर का इंटीरियर सोच-समझकर तैयार किया जाता है, जिसमें हल्की रोशनी, सौम्य रंग, प्राकृतिक सामग्री और आरामदायक फर्नीचर पर विचार किया जाता है, तो वह तनाव और चिंता के स्तर को काफी हद तक कम कर सकता है। आलीशान सोफा, वुडन टेक्सचर्स और सुकून देने वाले रंग मिलकर ऐसा शांत माहौल तैयार करते हैं, जो मन को सुकून देने और तनाव कम करने में सहायक होता है।सोहना रोड, फरीदाबाद, गुरुग्राम, पश्चिम विहार और कीर्ति नगर जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थित रॉयलओक के शोरूम्स में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित और सॉलिड वुड से बने फर्नीचर की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। इनमें सोफा, बेड, डाइनिंग सेट, रिक्लाइनर, स्टडी टेबल, आउटडोर फर्नीचर, होम डेकोर और मैट्रेसेस शामिल हैं, वो भी बेजोड़ कीमतों पर। ब्रांड डिलीवरी, इंस्टॉलेशन और भुगतान के आसान विकल्प जैसी अतिरिक्त सेवाएँ भी प्रदान करता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीरज उर्फ बादल** पुत्र तेज सिंह निवासी सी–8/396, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 595/2020 धारा 25/54/51 शस्त्र अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीरज उर्फ बादल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीरज उर्फ बादल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 595/2020 धारा 25/54/51 शस्त्र अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नीरज उर्फ बादल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **25.08.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार सुश्री रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, (उत्तर पश्चिम)
कोर्ट संख्या 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9585/OD/2025

## राशिफल


**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।


**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।


**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।


**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।


**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।



**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।








# एक पांव नहीं पर हौसले बुलंद, अरुणिमा ने एवरेस्ट समेत पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह कर बनीं पहली भारतीय दिव्यांग महिला खिलाड़ी

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी अरुणिमा सिन्हा की कहानी सिर्फ एक पर्वतारोही की विजय गाथा नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, साहस और आत्मविश्वास की ऐसी मिसाल है, जो हमें सिखाती है कि हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं होता। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह किया। आज अरुणिमा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने दुनिया की पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फतह हासिल की और तिरंगा फहराया।



## लूटपाट की हुई शिकार, खोया एक पैर

अरुणिमा सिन्हा का जन्म 20 जुलाई 1989 को उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के पंडाटोला मोहल्ले में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेल-कूद में गहरी रुचि रही। वह वॉलीबॉल की खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इस प्रतिभा के बल पर पहचान बनाई। हालांकि, अरुणिमा की जिंदगी में एक बहुत ही दर्दनाक मोड़ तब आया, जब अप्रैल 2011 में वह लखनऊ से दिल्ली की यात्रा कर रही थीं। एक सोने की चेन के लिए कुछ बदमाशों ने उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया था। हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे और डॉक्टरों को मजबूरन उनका एक पैर काटना पड़ा। उनकी जगह कृत्रिम पैर लगाया गया। इस दर्दनाक हादसे ने अरुणिमा का हौसला तोड़ने के बजाए उन्हें और मजबूत कर दिया। कुछ ही महीनों में जब उनकी तबीयत में सुधार हुआ, तो उन्होंने एक ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का संकल्प लिया।

## अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर तिरंगा फहराया

सिर्फ दो साल के भीतर, 2013 में अरुणिमा सिन्हा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। वह दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बनीं, जिसने एवरेस्ट फतह किया। इस कठिन यात्रा के दौरान उनके कृत्रिम पैर से खून बहता रहा, वे बार-बार गिरीं, लेकिन हर बार उठीं और आगे बढ़ती रहीं। अरुणिमा का सफर यहीं नहीं रुका. एवरेस्ट के बाद उन्होंने पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों में शामिल माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट कोजिअस्को (ऑस्ट्रेलिया), माउंट अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका), कार्स्टेन्ज पिरामिड (इंडोनेशिया) और माउंट एल्ब्रुस (यूरोप) पर भी चढ़ाई की। यही नहीं, उन्होंने अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर भी तिरंगा फहराया। अरुणिमा सिन्हा का यह पूरा सफर उनके धैर्य, दृढ़ता और दृढ़ विश्वास की कहानी को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप



### तैराक नटराज ने किया सेमीफाइनल क्वालीफाई

**बर्लिन।** तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाए गए 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भाटिया संयुक्त 34वें और राय संयुक्त 44वें स्थान पर



**पोर्टरश।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने ब्रिटिश ओपन के तीसरे दौर में एक-अंडर 70 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त 34वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया ने सातवें और नौवें होल पर दो बर्डी लगाई लेकिन आखिरी नौ होल में वह दो बोगी कर बैठे। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय शुरुआती दो दौर की लय को बरकरार नहीं रख पाए और पार 71 का कार्ड खेलने के बाद 18 स्थान नीचे खिसक कर संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर आ गए।

### आठ देशों को मिले आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार

**सिंगापुर।** नेपाल और भूटान समेत आठ देशों ने आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2024 में शीर्ष पुरस्कार हासिल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को अपनी सालाना बोर्ड बैठक में यह जानकारी दी। अमेरिका को आईसीसी एसोसिएट सदस्य वर्ष की पुरूष टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला। अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप 2024 में अमेरिकी टीम सुपर आठ चरण तक पहुंची थी। अमेरिका ने कनाडा और पाकिस्तान को हराकर सनसनी फैला दी थी। अमेरिका, नेपाल और भूटान के अलावा इंडोनेशिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, तंजानिया और वानुआतू को भी पुरस्कार मिले।

### मुक्केबाजी: निशांत देव ने इवांस को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के फ्रिस्को में स्थानीय मुक्केबाज लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट आधार पर हराया। 24 वर्ष के निशांत ने सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की, जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाए, जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकंड के बाद मुकाबला रोक दिया।

### मैनचेस्टर टेस्ट में तोड़ सकते हैं 19 साल पुराना रिकॉर्ड, मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे


# गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने से 25 रन दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट में सिर्फ 25 रन और बनाने होंगे। उन्होंने तीन मैचों में 600 से अधिक रन बना लिए हैं।

## तोड़ सकते हैं युसूफ का रिकार्ड

इंग्लैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एशियाई बल्लेबाजों के बीच पाकिस्तान के मोहम्मद युसूफ के नाम है। उन्होंने साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 631 रन बनाए थे। वहीं गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में तीन मैचों की 6 पारियों में 607 रन बना चुके हैं। उन्हें युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए चौथे टेस्ट मैच में 25 रन और बनाने होंगे। इस सीरीज में अब तक गिल एक दोहरा शतक और दो शतक जड़ चुके हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 269 रन है। अगर वह चौथे टेस्ट में 25 रन बना लेते हैं तो वह मोहम्मद युसूफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।




## जायसवाल का रिकॉर्ड खतरे में

इस मैच में शुभमन गिल के पास कुछ और भी रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। मैनचेस्टर टेस्ट मैच में गिल अगर 146 रन बना लेते हैं तो वह भारत और इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच के नाम है। उन्होंने 1990 में एक सीरीज में 752 रन बनाए थे। गिल इसके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। उनके पास यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ने का मौका है। 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जायसवाल ने 712 रन बनाए थे। गिल को जायसवाल से आगे निकलने के लिए 106 रन और बनाने होंगे। अब इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट मैच में गिल कितने रिकॉर्ड अपने नाम करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

## बुमराह के पास ईशांत को पीछे करने का मौका

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने नाम एक खास रिकॉर्ड बना सकते हैं। वह एक विकेट लेते ही इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लेंगे और खास अर्धशतक लगा देंगे। बुमराह ने अभी तक इंग्लैंड की धरती पर 11 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें 49 विकेट हासिल किए हैं। अगर वह चौथे टेस्ट मैच में तीन विकेट लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वह ईशांत शर्मा को पीछे करके इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। ईशांत ने इंग्लैंड में कुल 51 विकेट हासिल किए हैं। जिस तरह की फॉर्म में बुमराह चल रहे हैं। उससे वह आसानी से ईशांत को पीछे कर सकते हैं। फिर वह टॉप पर होंगे और नंबर-1 का ताज हासिल कर लेंगे।

### अंशुल कम्बोज को किया गया शामिल

# टीम इंडिया में मैनचेस्टर टेस्ट से पहले बदलाव

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

■ आकाश दीप, अर्शदीप के कवर के तौर पर कम्बोज खेलेंगे चौथा टेस्ट

इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं।

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है, जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बायें हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था,' हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था,' उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं।'



## अंशुल ने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए

*कम्बोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के दस विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956.57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985.86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।*

### बैडमिंटन

# भारत ने हांगकांग को हराया, ग्रुप डी में शीर्ष पर, अब जापान से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| सोलो (इंडोनेशिया)

■ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़िया का बेहतर प्रदर्शन

भारत ने रविवार को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में हांगकांग चीन को 110-100 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा और ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग दोनों इस मैच से पहले ही नॉक-आउट चरण में अपनी जगह पक्की कर चुके थे। रुजुला रामू ने आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर एक बार फिर भारत को जीत से शुरुआत कराई। इसके बाद भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की दुनिया की छठे नंबर की युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त 22-13 कर दी। हांगकांग के लाम का तो ने 13 अंक बनाकर अपनी टीम को अंतर कम करने में मदद की लेकिन रौनक चौहान भारत को 33 अंक तक ले गए। पांच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच 55-49 के स्कोर से छह अंक का अंतर था। फिर जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने दूसरे बालिका एकल में लियू होई किउ अन्ना पर दबदबा बनाते हुए 66-54 से बढ़त बनाकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिला दी। हालांकि अगले चार मैच बराबरी के रहे, पर भारत ने बढ़त बनाए रखी और ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सोमवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना जापान से होगा। जापान ग्रुप ए में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था, जिसमें उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था।

## सुमित ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में रजत जीता, अनिल ने कांस्य

**बुडापेस्ट।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवान सुमित ने रविवार को यहां यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज़ प्रतियोगिता मे रजत पदक जीता जबकि अनिल मोर ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भारत के नाम छह पदक हो गये जिसमें तीन स्वर्ण एक रजत और दो कांस्य शामिल है। सुमित ने 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में अजरबैजान के निहात ममादली से 0-5 से हारने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सादिक लालाएव के खिलाफ 9-3 की जीत के साथ शुरुआत की और कोरिया के दाह्युन किम और कजाकिस्तान के गालिम काब्दुनसरोव को पटखनी देकर फाइनल में जगह पक्की की। अनिल को 55 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में एमिन नरीमनोविच सेफर्शाएव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। सेफर्शाएव के फाइनल में पहुंच पर इस वजन वर्ग के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अनिल को रेपेचेज से पदक की दौड़ में वापसी करने का मौका मिला। इस 18 साल के खिलाड़ी ने विश्व के नंबर तीन आर्टियम डेलियनू के खिलाफ 7-0 से प्रभावशाली जीत हासिल की और कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में उन्होंने उज्बेकिस्तान के इकतियोर बोतिरोव (विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज) को हराया। इससे पहले अंतिम पंघाल (53 किग्रा) और हर्षिता (72 किग्रा) ने महिलाओं वर्ग के अपने-अपने वजन श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किये। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सुजीत कल्कल (65 किग्रा) ने स्वर्ण जीता जबकि राहुल (57 किग्रा) ने कांस्य जीता।

## महिला यूरो 2025



**बेसल।** स्विट्जरलैंड के बेसल में सेंट जैकब-पार्क में फ्रांस और जर्मनी के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती जर्मनी की खिलाड़ी।

### स्टार लांग जंपर मुरली ने पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में जीता खिताब

# श्रीशंकर ने लगाई 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में खेलेंगे टूर्नामेंट

भारत के स्टार लांग जंपर मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूर्नामेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में 7.75 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीत लिया। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7.75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7.69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6.12 और 7.58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7.75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.58 मीटर था, जो श्रीशंकर के 7.69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है। घुटने के आपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिए वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी है, जिसके लिए स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। वह 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में टूर्नामेंट खेलेंगे, जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपए मंजूर किए है।



## 8 मीटर का आंकड़ा कर चुके हैं पार

26 वर्षीय मुरली श्रीशंकर ने अपनी छलांग की शुरुआत 7.84 मीटर से की, फिर इसे बेहतर करते हुए 7.99 मीटर तक पहुंचे। इसके बाद 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। लगभग दो साल पहले चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मुरली श्रीशंकर का यह पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन था।

भारत में 49.1 करोड़ लोग यूपीआई का करते हैं उपयोग

18.39 अरब ट्रांजैक्शन में 24लाख करोड़ का लेनदेन

वैश्विक कंपनियों से ज्यादा यूपीआई से होता है लेनदेन

दुनिया में 50 और भारत में 85% लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी | लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा

# त्वरित भुगतान में ग्लोबल लीडर बना भारत, बीते माह में यूपीआई से हुआ 24 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। भारत त्वरित भुगतान में दुनिया में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। यूपीआई से अकेले जून माह में 24.03 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन 18.39 अरब ट्रांजैक्शन के माध्यम से हुआ है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए नोट में यह जानकारी दी गई। बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत और दुनिया भर में सभी रियल टाइम डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अब यह प्रतिदिन 64 करोड़ से ज्यादा लेनदेन संभालता है। जो वीजा जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों से कहीं ज्यादा है। जो प्रतिदिन लगभग 63.9 करोड़ लेनदेन संभालती हैं।

## बन सकता है गेम चेंजर

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो इससे सीमा पार भुगतान तेज, सस्ता और अधिक सुरक्षित हो सकता है, जिससे वैश्विक डिजिटल लीडर के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को सरल, तेज और सुलभ बना दिया है। मोबाइल फोन पर बस कुछ ही टैप से, यूजर्स व्यापारियों को भुगतान कर सकते हैं। दोस्तों को पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, या अपने बैंक खातों का प्रबंधन कर सकते हैं। इसकी सुविधा और गति ने इसे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बना दिया है।

## 7 देशों के लोग कर रहे यूपीआई का इस्तेमाल

*आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सफलता वर्षों के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और समावेशी विकास के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग की एक मजबूत विजन का परिणाम है। यूपीआई की शुरुआत एक पेमेंट सिस्टम के रूप में हुई थी। अब पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक वैश्विक मानक बन गया है। यूपीआई का प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में मौजूद है। फ्रांस में इसकी शुरुआत यूरोप में इसके प्रवेश का प्रतीक है।*

## साढ़े 6 करोड़ व्यापारी करते हैं उपयोग

*यह उपलब्धि काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूपीआई केवल नौ वर्षों में इस मुकाम तक पहुंच गया है। यूपीआई प्लेटफॉर्म वर्तमान में 49.1 करोड़ व्यक्तियों और 6.5 करोड़ व्यापारियों को सेवाएं प्रदान करता है और 675 बैंकों को एक ही सिस्टम से जोड़ता है। इसने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिससे देशभर के लोगों विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को आसान और किफायती तरीके से डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिली है।*

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़


**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद की आतंकियों की घेरेबंदी की है।



सुरक्षाबलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ देर रात तक चलती रही। शुरुआती जानकारी के अनुसार जैश ए मोहम्मद के काफी आतंकियों के इलाके में छिपे होने की आशंका है। यह मुठभेड़ किश्तवाड़ जिले के दच्छन इलाके में चल रही है। जम्मू कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा एजेंसियां लगातार हाई अलर्ट पर हैं। अतरिक्त पुलिस बल की तैनात की भी गई है। जम्मू कश्मीर में एक यह कार्रवाई एक गोपनीय सूचना पर की गई।

### 20 साल से कोमा: सऊदी के स्लीपिंग प्रिंस नही रहे

**दुबई।** सऊदी अरब के प्रिंस अल वलीद बिन खालिद बिन तलाल अल सऊद का शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले 20 साल से कोमा में थे। उन्हें स्लीपिंग प्रिंस (सोते हुए राजकुमार) के नाम से जाना जाता था। प्रिंस अल वलीद सऊदी अरब के राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य प्रिंस खालिद बिन तलाल के बेटे और अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल के भतीजे थे। उनका जन्म अप्रैल 1990 में हुआ था। साल 2005 में, लंदन में मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान उनका भयानक सड़क हादसा हुआ।




### दवा के बदले यौन संबंध की मांग, डॉक्टर गिरफ्तार

**न्यूजर्सी।** यहां भारतीय मूल के डॉक्टर पर कई चिकित्सा धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। जैसे कि वैध चिकित्सा उद्देश्य के बिना ओपिओइड वितरित करना। ओपिओइड दवाओं के बदले में मरीजों से यौन संबंध बनाने की मांग करना, तथा ऐसे दौरे के लिए बिल बनाकर न्यू जर्सी मेडिकेड को धोखा देना, जो कभी हुआ ही नहीं। 51 वर्षीय रितेश कालरा अब घर पर नजरबंद हैं और उन्हें चिकित्सा पद्धति अपनाने तथा दवा लिखने से प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा मामला लंबित रहने तक उन्हें अपनी चिकित्सा पद्धति बंद करनी होगी।



### रूस में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**मॉस्को।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रविवार को रूस के सुदूर पूर्व के तट पर कई शक्तिशाली भूकंप आए। जिससे सुनामी की चेतावनी जारी हो गई। पहले रिक्टर स्केल पर 5.0 तीव्रता और 6.7 तीव्रता वाले भूकंप आए जिसके बाद सुनामी की चेतावनी नहीं दी थी। जैसे ही 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, चेतावनी देनी पड़ी कि खतरनाक सुनामी लहरें संभव हैं। इसमें पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से दूर, प्रशांत महासागर में भूकंप के केंद्र के 300 किमी के दायरे में तटीय क्षेत्रों के लिए लागू किया गया है।



लोग अपने परिवार को बचाने की जद्दोजहद करते दिखे

# 300 यात्रियों से भरे जहाज में लगी आग यात्री बच्चों को गोद में लेकर कूदे

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा जा सकता है। आग काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दिया। इस जलती हुई फेरी से 280 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जबकि बच्चे सहित 18 लोग घायल हो गए हैं। जबकि काफी संख्या में लोग लापता भी बताए जा रहे हैं।



जहाज में भीषण आग लगने के बीच फंसे यात्रियों ने समुद्र में छलांग लगाना शुरू कर दिया। वीडियो में लोगों को समुद्र में कूदते देखा जा सकता है। यह आग इंडोनेशिया के तट के पास एक फेरी में लगी। इसके बाद उसमें सवार यात्रियों के बीच भयानक अफरातफरी मच गई। जहाज पर सवार 280 से अधिक लोग जान बचाकर निकलने में कामयाब रहे।

लापता लोगों की तलाश की जा रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुतबिक, एक अधिकारी ने पुष्टि की कि राहत बचाव के लिए घटनास्थल की तरफ केएम बार्सिलोना 3, केएम वेनेशियन और केएम कैंटिका लेस्टारी 9एफ जहाज को रवाना किया गया। इसके साथ ही मछली पकड़ने वाली नौकाएं और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा गया। आग ने काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दिया।

### स्थानीय प्रशासन और सेना के जवान बचाव कार्य में जुटे

### शुरू किया गया तलाशी अभियान

मछली पकड़ने वाली नावों ने बचाई जान

फुटेज में लोग मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। क्योंकि आग पूरे जहाज को चीरती हुई दिखाई दे रही है और घना, काला धुआं आसमान में उठता हुआ दिखाई दे रहा है। पास के टैलिस द्वीप से गुजर रही कई मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने कुछ जीवित बचे लोगों को पानी से बचाया और अपनी नावों चढ़ाकर किनारे तक लाए।

**हादसे की फुटेज हुई वायरल**

फुटेज में नाव पर सवार लोगों जान बचाने के लिए समुद्र में कूदते दिखाया गया है, जिनमें से अधिकांश ने लाइफ सेफ्टी जैकेट पहन रखी है, लेकिन कुछ ने नहीं पहनी थी। कई यात्री बिना जैकेट के ही समुद्र में कूद गए हैं। एक महिला द्वारा फिल्माए गए एक वीडियो में, जो आग से लगभग 10 से 15 मीटर दूर तैरकर पहुंची थी। तस्वीरों में नाव पर सवार लोगों की हताशा का पता चलता है।



**कितने लोगों की हुई मौत**

*इस जहाज पर 300 से 500 के बीच सवारों की संख्या होने की आशंका जाहिर की जा रही है। काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों और बचाव दल ने आग पर काबू पा लिया है और लापता लोगों की खोज जारी है। हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।*

आ रहा है आसमान का शिकारी!



# अपाचे की एंट्री से थरथर कांपेगा दुश्मन, ताकत उड़ाएगी होश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

15 महीने से ज्यादा की देरी के बाद भारतीय सेना को आखिरकार अपाचे एएच-64ई अटैक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिलने वाली है।

ये डिलीवरी पश्चिमी सीमा पर सेना की ताकत बढ़ाने और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में एयर स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

डिलीवरी शेड्यूल से वाकिफ सूत्रों के अनुसार, पहले तीन हेलीकॉप्टर 22 जुलाई को भारतीय सेना की एविएशन कोर को सौंपे जाने की संभावना है।

**आज या कल जोधपुर पहुंच जाएंगे हेलीकॉप्टर**

### कई मायनों में खास

एएच-64ई अपाचे दुनिया के सबसे एडवांस्ट मल्टी-रोल अटैक हेलिकॉप्टर्स में से एक है, जो दुर्गम इलाकों में भी हाई इम्पैक्ट वाले हमले करने में सक्षम है। अमेरिकी रक्षा कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित, अपाचे पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, मिस्र और अब भारत में सेवा में है। भारत ने 2015 के एक सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे खरीदे थे। फरवरी 2020 में रक्षा मंत्रालय ने छह और अपाचे के लिए 60 करोड़ डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी। इस बार विशेष रूप से भारतीय सेना के लिए।

### 6 अपाचे की खरीद, पहले 3 आएंगे

ये हेलीकॉप्टर आज या कल यानी 21 या 22 जुलाई तक जोधपुर पहुंच जाएंगे। इस दौरान आधिकारिक तौर पर सौंपे जाने से पहले इनका संयुक्त रसीद निरीक्षण (जेआरआई) किया जाएगा। ये भारतीय सेना के एविएशन कॉर्प्स के लिए खरीदे जा रहे छह अपाचे हेलीकॉप्टरों में से पहले तीन हैं। पश्चिमी सीमा पर इनकी तैनाती के लिए जोधपुर में एक समर्पित स्क्वाड्रन पहले ही तैयार किया जा चुका है।

शुभांशु ने पोस्ट किया आईएसएस का वीडियो

# तेज होने के लिए कभी-कभी धीमा होना भी काफी जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस वीडियो में शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर योग करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ शुभांशु ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने के बाद से ही तय समयसीमा में अपने कामों और प्रयोगों को करने में व्यस्त थे।



### छोटी सी गड़बड़ी भी अंतरिक्ष में भारी

शुरुआत में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि आप सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में चलना सीख रहे होते हैं और स्टेशन के बारे में जान रहे होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने लिखा कि यह वीडियो मिशन के कुछ दिनों बाद का है जब मैं आखिरकार अपनी गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण कर पा रहा था। मैं बस स्थिर रहना चाहता था, कोई भी छोटी सी गड़बड़ी अंतरिक्ष में आपके शरीर को हिला सकती है और पूरी तरह से स्थिर रहने के लिए बेहद कौशल की जरूरत होती है।

मॉस्को पर यूक्रेन का बड़ा हमला

# 134 फ्लाइट डायवर्ट, पुतिन 2,000 ड्रोन से देंगे जवाब

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को समेत कई शहरों पर यूक्रेन ने बड़ा हमला बोला है। इसकी वजह से हवाई सेवा बाधित हो गई है। करीब 134 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। यूक्रेन ने मॉस्को पर 19 कामिकेज ड्रोन दागे हैं। इनमें से कुछ ड्रोन ऊंची इमारतों से टकराए हैं। यूक्रेन ने रूस पर कुल 93 कामिकेज ड्रोन से हमले बोले थे। इन हमलों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तिलमिला उठे हैं। अब रूस यूक्रेन पर 2000 ड्रोनों से हमले की तैयारी कर रहा है।

### मॉस्को के आसपास हुए बड़े हमले

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर रात भर में नौ क्षेत्रों में 93 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 19 मॉस्को ओब्लास्ट क्षेत्र में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी सेना ने रविवार तड़के मॉस्को और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं। रूसी टेलीग्राम चैनलों के अनुसार, जेलेनोग्राद के उपनगरीय शहर के निवासियों ने विस्फोटों की आवाज सुनने की सूचना दी। धमाकों से कुछ इमारतों को नुकसान पहुँचा।

येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमेजन में यह फंगस खोजा

प्लास्टिक प्रदूषण से मिलेगी राहत

# वैज्ञानिकों ने अमेजन के जंगलों में खोजा प्लास्टिक खाने वाला फंगस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्लास्टिक प्रदूषण आज के सबसे गंभीर पर्यावरणीय संकटों में से एक है। हर साल लगभग 8 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा समुद्रों में पहुंचता है, जिससे समुद्री जीवन, पारिस्थितिकी और भूमि प्रदूषण पर गंभीर असर पड़ता है। खासतौर पर पॉलीथीन (पीई) और पॉलीयूरीथेन (पीयू) जैसे गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का निपटान बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। जर्मनी की लेक स्टेचलिन में वैज्ञानिकों द्वारा की गई हालिया खोज ने दुनिया को एक नई उम्मीद दी है।



वैज्ञानिकों ने ऐसे फंगस (कवक) की खोज की है जो सिंथेटिक पॉलिमर पर ही विकसित होता है और प्लास्टिक को खाकर बायोमास बना सकता है। ये फंगस विशेष परिस्थितियों जैसे तापमान, सूक्ष्म पोषक तत्व आदि पर निर्भर करता है और प्लास्टिक को ऊर्जा स्रोत के रूप में उपयोग करने में सक्षम है।

### विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को नष्ट करने में सक्षम

*यह खोज तेजी से बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक क्रांतिकारी समाधान हो सकती है। 2011 में येल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अमेजन वर्षावन में यह फंगस की खोज की थी, जो ऑक्सीजन रहित परिस्थितियों में पॉलीयूरीथेन प्लास्टिक को पचा सकता है। इस खोज ने आगे चलकर विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को नष्ट करने में सक्षम फंगस प्रजातियों पर रिसर्च का रास्ता खोला।*

लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाए जाने की चल रही प्रक्रिया

# तैयारी: बिट्रा द्वीप का अधिग्रहण करने जा रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार लक्षद्वीप के 'बिट्रा द्वीप' के अधिग्रहण की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक इस द्वीप का इस्तेमाल रक्षा उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यहां पर रहने वाले लोगों को भी विस्थापित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाया जाएगा। वहीं लक्षद्वीप से सांसद हमदुल्ला सईद ने सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। सांसद हमदुल्ला सईद ने बिट्रा के स्थानीय निवासियों को अपना पूरा समर्थन देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव का विरोध करने के लिए वे राजनीतिक और कानूनी रास्ते अपनाएंगे।

भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत मिलेगा मुआवजा | बिट्रा लक्षद्वीप का सबसे छोटा आबादी वाला द्वीप



### सांसद हामदुल्ला सईद ने किया विरोध

पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में बताया गया है कि यह कदम द्वीप की रणनीतिक स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से प्रासंगिकता और वहां की नागरिक आबादी से जुड़ी प्रशासनिक व रसद संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर उठाया गया है। 2013 के भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत उचित मुआवजा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए द्वीप का अधिग्रहण करेगा। लक्षद्वीप के सांसद हामदुल्ला सईद ने बिट्रा द्वीप को अधिग्रहित करने के कदम का कड़ा विरोध किया है।

### एकतरफा कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ

उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की भी मांग की। सईद ने बताया कि रक्षा उद्देश्यों के लिए आवश्यक भूमि सरकार द्वारा कई द्वीपों पर पहले ही अधिग्रहित कर ली गई है। दशकों से स्थायी आबादी वाले बिट्रा द्वीप को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इस तरह की कार्रवाई बिना स्थानीय निवासियों से किसी भी प्रकार की बातचीत के की जा रही है।

कश्मीर जाने वाला रास्ता बंद

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर समरौली के पास भूस्खलन



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-श्रीनगर हाईवे राज्य का एकमात्र प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ता है। ऐसे में इस मार्ग पर भूस्खलन से न केवल यात्री परेशान हैं, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।

### जेसीबी हटा रही रास्ते का मलबा

इससे वाहनों के चालक व यात्री परेशान होते रहे। सड़क पर पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थरों के साथ मलबा भी गिरा था। इससे सड़क पूरी तरह से बंद हो गई थी। एकतरफा भी वाहनों को नहीं निकाला जा सकता था। सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम जेसीबी और कर्मचारियों के साथ पहुंच गई। जेसीबी की मदद से सड़क से बड़े-बड़े पत्थरों को हटाया। समलबा साफ किया गया। वाहनों को दोनों तरफ से निकाला जाना शुरू कर दिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109